# FEBRUARY 2025 (QUIZ-HINDI)







## MONTHLY CURRENT AFFAIRS MAGAZINE











# Todaysprint.com

1. किस राज्य की झांकी को गणतंत्र दिवस परेड 2025 की सर्वश्रेष्ठ झांकी घोषित किया गया ?

A - उत्तर प्रदेश B - गुजरात

C - केरल D - हिमाचल प्रदेश

गणतंत्र दिवस परेड 2025 के परिणामों मे जम्मू और कश्मीर राइफल्स को सेवाओं मे सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते का पुरस्कार मिला, जबकि दिल्ली पुलिस को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों मे पहला स्थान मिला। राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों की झांकियों मे उत्तर प्रदेश की "महाकुंभ 2025" ने प्रथम, त्रिपुरा की "14 देवताओं की पूजा" ने द्वितीय और आंध्र प्रदेश की "एटिकोप्पका बोम्मलु" ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



2. अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2025 का आयोजन किस राज्य मे हो रहा है ?

A - हरियाणा B - पंजाब

C - उत्तर प्रदेश D - उत्तराखंड

हरियाणा मे सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2025 का शुभारंभ 29 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिहोवा सरस्वती तीर्थ, कुरुक्षेत्र मे किया। महोत्सव 4 फरवरी 2025 तक चलेगा, जिसमे सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सरस मेला आयोजित होंगे। उद्घाटन आदि बद्री मे हुआ, जिसे देवी सरस्वती का जन्मस्थान माना जाता है। प्रमुख आयोजन स्थलों मे पिहोवा, ज्योतिसर और ब्रह्म सरोवर शामिल है।




3. वर्ष 2025 के लिए कुष्ठ रोग की थीम क्या है ?

A - कुष्ठ रोग को खत्म करे, संचार बढ़ाएं B - एकजुट होना, कार्य करना, कुष्ठ रोग को समाप्त करना

C - कुष्ठ रोग से लड़े, जागरूकता बढ़ाएं D - कुष्ठ रोग का इलाज, नई शुरुआत

विश्व कुष्ठ दिवस प्रतिवर्ष जनवरी के अंतिम रविवार को मनाया जाता है, और वर्ष 2025 मे यह 26 जनवरी को मनाया गया, जबकि भारत मे यह 30 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य कुष्ठ रोग के बारे मे जागरूकता बढ़ाना, प्रभावित व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करना और इसे समाप्त करने के लिए सहयोगात्मक कार्रवाई को प्रेरित करना है।




4. NVS-02 उपग्रह किस उद्देश्य के लिए लॉन्च किया गया है ?

A - मौसम पूर्वानुमान B - सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम

C - अंतरिक्ष विज्ञान D - संचार सेवाएं

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसरो को उनके ऐतिहासिक 100वे प्रक्षेपण पर बधाई दी। 100वे प्रक्षेपण मे GSLV-F15 रॉकेट ने NVS-02 उपग्रह को सफलतापूर्वक श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया। यह उपग्रह भारत के GPS जैसी नेविगेशन सुविधाओं को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। NVS-02 उपग्रह भारत की स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन प्रणाली NavIC का हिस्सा है



5. क्रिटिकल मिनरल मिशन की स्थापना की घोषणा किसने और कब की थी ?

A - प्रधानमंत्री
B - वित्त मंत्री
C - रक्षा मंत्री
D - पर्यावरण मंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता मे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन (NCM) को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, खनन और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना है। इस मिशन के लिए सात वर्षों मे 34,300 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। मिशन के तहत खनिजों के अन्वेषण, प्रसंस्करण और पुनर्प्राप्ति को प्राथमिकता दी जाएगी।



6. असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने किस वर्ष तक डिब्रूगढ़ को राज्य की दूसरी राजधानी बनाने की घोषणा की है ?

A - 2025
B - 2026
C - 2027
D - 2028

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 26 जनवरी को घोषणा की कि डिब्रूगढ़ 2027 तक असम की दूसरी राजधानी बनेगा। इसके तहत डिब्रूगढ़ को एक पूर्ण विकसित शहर के रूप मे परिवर्तित किया जाएगा और स्थायी विधानसभा भवन का निर्माण 25 जनवरी, 2026 से शुरू होगा। 2027 से हर साल डिब्रूगढ़ मे विधानसभा सत्र आयोजित होंगे। तेजपुर को असम की सांस्कृतिक राजधानी और सिलचर मे मिनी सचिवालय स्थापित किया जाएगा।



7. 38वे राष्ट्रीय खेलों का आयोजन कहाँ हो रहा है ?

A - उत्तर प्रदेश
B - हरियाणा
C - झारखण्ड
D - उत्तराखंड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के देहरादून मे 38वे राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया, जो 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक चलेगें। इस आयोजन मे 35 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के एथलीट्स भाग लेगें। तेजस्विनी मशाल हल्द्वानी से 4000 किमी. की दूरी तय करके देहरादून पहुंची, और इसे बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने लाया। इस आयोजन मे 32 खेलों मे 10,000 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेगें।



8. यूरोड्रोन कार्यक्रम किन देशों की संयुक्त पहल है ?

A - जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन
B - अमेरिका, रूस, जापान, चीन
C - भारत, ब्रिटेन, इजरायल, ब्राजील
D - कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, रूस, दक्षिण कोरिया

भारत ने यूरोड्रोन कार्यक्रम मे पर्यवेक्षक देश के रूप मे शामिल होने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम यूरोपीय देशों – जर्मनी, फ्रांस, इटली और स्पेन की साझेदारी मे विकसित हो रहा है, और इसका नेतृत्व एयरबस डिफेंस एंड स्पेस द्वारा किया जा रहा है। भारत की भागीदारी से ड्रोन तकनीक, रक्षा और सैन्य सहयोग मे वृद्धि होगी, साथ ही स्वदेशी ड्रोन उद्योग को भी प्रोत्साहन मिलेगा। यूरोड्रोन कार्यक्रम मे जापान पहले पर्यवेक्षक देश के रूप मे शामिल हुआ था।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**9. भारतीय तटरक्षक दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 1 फरवरी
B - 2 फरवरी
C - 3 फरवरी
D - 5 फरवरी

प्रति वर्ष 1 फरवरी को भारतीय तटरक्षक दिवस मनाया जाता है, जो भारतीय तटरक्षक बल की जिम्मेदारियों को सम्मानित करता है। भारतीय तटरक्षक बल की स्थापना 1 फरवरी 1977 को हुई थी, और इसका मुख्यालय नई दिल्ली मे है। इसका पहला महानिदेशक वी.ए.कामथ थे, और वर्तमान महानिदेशक राकेश पाल है। यह बल समुद्र मे तस्करी, अवैध गतिविधियों, समुद्री संसाधनों की रक्षा, पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिक सहायता प्रदान करने के कार्य करता है।




**10. सर्वोच्च न्यायालय के स्थापना के डायमंड जुबली वर्ष के समापन समारोह मे मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने किस दिन न्यायालय की उपलब्धियों और कमियों पर चर्चा की ?**

A - 25 जनवरी, 2025
B - 28 जनवरी, 2025
C - 1 फरवरी, 2025
D - 26 जनवरी, 2025

28 जनवरी, 2025 को भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने सर्वोच्च न्यायालय के स्थापना के डायमंड जुबली वर्ष के समापन समारोह मे इसके 75 वर्षों की उपलब्धियों और चुनौतियों पर चर्चा की। न्यायालय ने संघीय संरचना, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, पर्यावरण अधिकार, बौद्धिक संपदा, गोपनीयता, और चुनावी लोकतंत्र जैसे क्षेत्रों मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



**11. 10वां साइंस-फिक्शन फिल्म महोत्सव कहाँ आयोजित हो रहा है ?**

A - चंडीगढ़
B - दिल्ली
C - कोलकाता
D - गोवा

गोवा मे 29 जनवरी से 1 फरवरी 2025 तक 10वां साइंस-फिक्शन फिल्म महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य छात्रों मे वैज्ञानिक सोच और उत्साह को बढ़ावा देना है। यह महोत्सव विज्ञान परिषद गोवा द्वारा गोवा विज्ञान परिषद और गोवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।



**12. 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन कहाँ किया जायेगा ?**

A - केरल
B - पंजाब
C - तमिलनाडु
D - उत्तर प्रदेश

हाल ही मे 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के आधिकारिक लोगो और शुभंकर का अनावरण किया गया। यह चैंपियनशिप 17 से 20 फरवरी 2025 तक तमिलनाडु मे आयोजित होगी, जिसमे 1,700 से अधिक पैरा एथलीट भाग लेगें। आयोजन का उद्देश्य भारत मे पैरा एथलेटिक्स की परंपरा को बढ़ावा देना और दिव्यांग एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना है।



**13. हाल ही मे अंलेक्जेडंर लुकाशेको किस देश के राष्ट्रपति चुने गए ?**

A - ऑस्ट्रिया B - पोलैडं

**C - बेलारूस** D - चिली

हाल ही मे अंलेक्जेडंर लुकाशेको ने बेलारूस के राष्ट्रपति चुनाव मे सातवीं बार जीत हासिल की है। लुकाशेको, जो 1994 से राष्ट्रपति है, रूस के राष्ट्रपति पुतिन के करीबी माने जाते है। इस जीत के बाद, उन्होंने बेलारूस की राजनीति मे अपनी पकड़ और मजबूत की है। बेलारूस पूर्वी यूरोप का एक स्थलरुद्ध देश है, जो लिथुआनिया, लातविया, रूस, यूक्रेन और पोलैडं से घिरा है। इसकी राजधानी मिंस्क है और मुद्रा बेलारूसी रूबल है।



**14. हाल ही मे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने किस पोर्टल को लॉन्च किया है ?**

A - ITRA **B - ISPOT**

C - ISEC D - SEBINET

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने आईस्पॉट (ISPOT) पोर्टल लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य तकनीकी गड़बड़ियों की रिपोर्टिंग प्रक्रिया को सरल और सुव्यवस्थित बनाना है। यह पोर्टल RCA रिपोर्टिंग को आसान बनाएगा और इन घटनाओं के लिए केद्रीकृत रिपॉजिटरी स्थापित करेगा। पहले ईमेल के माध्यम से रिपोर्ट भेजी जाती थी, जबकि अब SEBI का लक्ष्य ISPOT से तकनीकी गड़बड़ियों की निगरानी मे पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना है।



**15. राजेश निर्वाण को किस संगठन का महानिदेशक नियुक्त किया गया है ?**

A - केद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) B - सीमा सुरक्षा बल (BSF)

**C - नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS)** D - केद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF)

कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) ने आईपीएस अधिकारी राजेश निर्वाण को नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) का महानिदेशक नियुक्त किया है। राजस्थान कैडर के 1992 बैच के अधिकारी राजेश निर्वाण के पास सुरक्षा प्रबंधन मे गहरा अनुभव है, उन्होंने केद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) और सीमा सुरक्षा बल (BSF) मे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। BCAS भारत मे विमानन सुरक्षा के लिए प्रमुख एजेसी है, जिसकी स्थापना 1978 मे हुई थी।



**16. शुभांशु शुक्ला ने किस देश के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेटंर से अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण प्राप्त किया है ?**

**A - रूस** B - अमेरिका

C - जापान D - चीन

भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण मे एंक ऐतिहासिक क्षण आया जब ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को एक्सिओम मिशन 4 के लिए पायलट के रूप मे चुना गया। यह मिशन 2025 मे लॉन्च होगा, और वे ISS पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगे। मिशन मे चार अंतरिक्ष यात्री होंगे, जिनमे नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिटसन और पोलैडं तथा हंगरी के अंतरिक्ष यात्री भी शामिल है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

17. सुनीता विलियम्स ने अब तक की सबसे लंबी स्पेसवॉक करने का रिकॉर्ड बनाया है ; उन्होंने कुल कितने समय तक स्पेसवॉक की ?

A - 60 घंटे 21 मिनट
B - 62 घंटे 6 मिनट
C - 58 घंटे 45 मिनट
D - 64 घंटे 10 मिनट

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने 62 घंटे और 6 मिनट तक स्पेसवॉक कर महिला अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा किए गए सबसे लंबे स्पेसवॉक का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड पैगी व्हिटसन के नाम था, जिन्होंने 60 घंटे और 21 मिनट तक स्पेसवॉक किया था। सुनीता का नाम अब नासा की ऑल टाइम लिस्ट मे चौथे स्थान पर दर्ज है।



18. राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) की स्थापना कब हुई थी ?

A - वर्ष 1990
B - वर्ष 1992
C - वर्ष 1995
D - वर्ष 1998

राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) ने अपना 33वां स्थापना दिवस मनाया, जिसमे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि थे। इस वर्ष का विषय "नारी तू नारायणी" था, जो अहिल्यादेवी होल्कर की वीरता से प्रेरित था। समारोह मे महिला पैरा एथलीटों को सम्मानित किया गया। आयोग का गठन 31 जनवरी 1992 को हुआ और इसका उद्देश्य महिला अधिकारों की सुरक्षा, कानूनी जागरूकता और सशक्तिकरण है।

National Commission for Women India

19. रामसर कन्वेशंन मे विश्व के कुल कितने देश शामिल है ?

A - 172
B - 110
C - 73
D - 106


भारत ने 4 नई आद्रभूमियों को रामसर सूची मे शामिल किया, जिससे कुल संख्या 89 हो गई। इनमे तमिलनाडु के सक्करकोट्टई और थेरथंगल पक्षी अभयारण्य, सिक्किम का खेचेओपलरी वेटलैंड, और झारखंड का उधवा झील पक्षी अभयारण्य शामिल है। इन स्थलों का महत्व जलपक्षी प्रजनन और पारिस्थितिकीय संतुलन मे है। रामसर सूची मे शामिल होने से इन स्थलों को वैश्विक पहचान और संरक्षण प्रयासों का समर्थन मिलता है।



20. सरकार ने बैकों को कुल लोन का कितने प्रतिशत भाग प्राथमिकता वाले क्षेत्रों, जैसे कृषि और छोटे किसानों के लिए आवंटित करने का निर्देश दिया है ?

A - कम से कम 20%
B - कम से कम 25%
C - कम से कम 40%
D - कम से कम 60%

आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, भारत मे किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) की संख्या बढ़कर 7.75 करोड़ हो गई, जिससे किसानों को 9.81 लाख करोड़ रुपये का कर्ज मिला। इस योजना से 5.9 करोड़ किसान लाभान्वित हो रहे है। किसान ऋण पोर्टल (KRP) के जरिए कर्ज प्रक्रिया तेज और पारदर्शी हो गई है, और 31 दिसंबर 2024 तक 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक दावों का निपटारा किया गया।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**21. महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब किसने जीता ?**



A - भारत
B - ऑस्ट्रेलिया
C - बांग्लादेश
D - न्यूज़ीलैण्ड

भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 के फाइनल मे दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर लगातार दूसरा खिताब जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका की टीम 82 रन पर ऑल-आउट हो गई, जहां गोंगाड़ी त्रिशा ने 3/15 के आंकड़े से शानदार गेदंबाजी की। त्रिशा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेटं का पुरस्कार मिला, उन्होंने 7 पारियों मे 309 रन बनाए और 9 विकेट लिए।

**22. अभी हाल ही मे केद्रं सरकार द्वारा आयकर की सीमा को बढ़ाकर कितना कर दिया है ?**



A - 12 लाख
B - 14 लाख
C - 15 लाख
D - 17 लाख

केद्रीय बजट 2025 मे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने करदाताओं को राहत देने के लिए आयकर छूट उपायों की घोषणा की। अब ₹12 लाख तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। नए कर स्लैब के तहत ₹0 से ₹4 लाख तक पर कोई कर नहीं, ₹4 लाख से ₹8 लाख तक पर 5%, ₹8 लाख से ₹12 लाख तक पर 10%, ₹12 लाख से ₹16 लाख तक पर 15%, ₹16 लाख से ₹20 लाख तक पर 20%, ₹20 लाख से ₹24 लाख तक पर 25%, और ₹24 लाख से अधिक पर 30% कर लगेगा।

**23. अभी हाल ही मे रेल्वे ने यात्री सुगमता के लिए किस सुपर एप को लॉन्च किया है ?**



A - SwaRail
B - Sugamrail
C - Sunder rail
D - Surksha rail

रेल मंत्रालय ने 31 जनवरी 2025 को 'SwaRail' सुपरऐप लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य भारतीय रेलवे की विभिन्न सेवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाना है। यह ऐप बीटा संस्करण मे है और गूगल प्ले स्टोर तथा एप्पल ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप मे टिकट बुकिंग, प्लेटफॉर्म और पार्सल बुकिंग, ट्रेन और PNR पूछताछ, भोजन ऑर्डरिंग, और शिकायत दर्ज करने जैसी सेवाएं शामिल है।

**24. प्रथम रायसीना मध्य पूर्व सम्मेलन के मुख्य अतिथि कौन थे**



A - अमित शाह
B - नरेद्रं मोदी
C - एस. जयशंकर
D - अजीत डोभाल

पहला रायसीना मध्य पूर्व सम्मेलन 28-29 जनवरी 2025 को अबू धाबी, यूएई मे आयोजित किया गया, जिसमे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मुख्य अतिथि थे। सम्मेलन का उद्देश्य भारत-यूएई संबंधों को मजबूत करना और व्यापार, निवेश तथा रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देना था। भारत और यूएई के बीच मजबूत व्यापारिक संबंध है, जिसमे भारत का व्यापार खाड़ी क्षेत्र से $160-$180 बिलियन और भूमध्य सागर क्षेत्र से $80 बिलियन है।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

25. भारतीय-अमेरिकी गायिका चंद्रिका टंडन ने किस एल्बम के लिए प्रतिष्ठित ग्रैमी पुरस्कार जीता है ?

A - त्रिवेणी
B - संगम
C - त्रिमूर्ति
D - त्रिलोक

भारतीय-अमेरिकी गायिका चंद्रिका टंडन ने 'त्रिवेणी' एल्बम के लिए बेस्ट न्यू एज, एम्बिएंट या चैटं एल्बम श्रेणी मे ग्रैमी पुरस्कार जीता। यह उनका दूसरा ग्रैमी नामांकन था, और वे इसे वाउटर केलरमैन और इरु मात्सुमोतो के साथ साझा करती है। 'त्रिवेणी' एल्बम 2024 मे रिलीज हुआ था और इसमे सात ट्रैक है।



26. हाल ही मे कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेटं अवॉर्ड किस खिलाड़ी को दिया गया है ?

A - जसप्रीत बुमराह
B - विराट कोहली
C - सचिन तेदुंलकर
D - रोहित शर्मा


बीसीसीआई ने 'नमन अवॉर्ड्स' मे संचिन तेदुंलकर को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेटं अवॉर्ड से सम्मानित किया। यह पुरस्कार भारत के पहले टेस्ट कप्तान कर्नल सीके नायडू के नाम पर रखा गया है। जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को बेस्ट क्रिकेटर चुना गया, जबकि सरफराज खान और आशा शोभना को बेस्ट डेब्यू के पुरस्कार मिले। विमेसं क्रिकेट मे मंधाना को बेस्ट बैटर और दीप्ति शर्मा को बेस्ट बॉलर का सम्मान मिला।



27. भारतीय भाषा पुस्तक योजना की घोषणा किसने की ?

A - प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी
B - वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण
C - शिक्षा मंत्री धर्मेद्रं प्रधान
D - गृह मंत्री अमित शाह


केद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2025 को बजट 2025-26 मे भारतीय भाषा पुस्तक योजना की घोषणा की। इस योजना का उद्देश्य भारतीय भाषाओं मे स्कूली और उच्च शिक्षा के छात्रों के लिए डिजिटल पुस्तके उपलब्ध कराना है। इसका लक्ष्य छात्रों को अपनी भाषाओं मे विषयों को समझने मे मदद करना है, और यह नई शिक्षा नीति (NEP 2020) के अनुरूप है।




28. VSHORADS मिसाइल प्रणाली को किस संगठन द्वारा विकसित किया गया है ?

A - DRDO
B - ISRO
C - BARC
D - HAL

भारत ने अपना पोर्टेबल एयर डिफेसं सिस्टम, VSHORADS मिसाइल प्रणाली, सफलतापूर्वक विकसित किया है। यह प्रणाली कम ऊंचाई पर उड़ने वाले लक्ष्यों को सटीकता से नष्ट करने मे संक्षम है और भारतीय सेना, नौसेना व वायुसेना की जरूरतों को पूरा करेगी। VSHORADS मिसाइल एक मैन पोर्टेबल सिस्टम है, जिसे एक व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा सकता है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**29. अभी हाल मे किस देश ने पहाड़ को एक इंसान का दर्जा दिया है**

**A - न्यूज़ीलैण्ड** | B - ऑस्ट्रेलिया
C - कनाडा | D - मैक्सिको

30 जनवरी 2025 को, न्यूज़ीलैडं की संसद ने माउंट तरानाकी को कानूनी व्यक्तित्व देने वाला एक ऐतिहासिक कानून पारित किया, जिससे पर्वत को मानव समान अधिकार मिलते है। यह निर्णय Māori लोगों की सांस्कृतिक मान्यताओं का सम्मान करते हुए, उनके साथ हुए अन्यायों को ठीक करने और पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखता है।



**30. अभी हाल मे किस राज्य ने महिला उद्यमियों के लिए एक विशेष औद्योगिक पार्क स्थापित करने की घोषणा की है**

**A - ओडिशा** | B - राजस्थान
C - छत्तीसगढ़ | D - झारखंड


ओडिशा सरकार की सुभद्रा योजना महिलाओं को वित्तीय सहायता, डिजिटल साक्षरता और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का उद्देश्य रखती है। इस योजना के तहत महिलाओं को पांच वर्षों मे ₹50,000 की वित्तीय सहायता दी जाएगी, साथ ही डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। IIM संबलपुर के साथ साझेदारी के माध्यम से योजना की प्रभावशीलता बढ़ाई जा रही है।




**31. विश्व अंतरधार्मिक सहयोग सप्ताह मनाया जाता है ?**

**A - 1 से 7 फरवरी** | B - 10 से 17 फरवरी
C - 1 से 7 मार्च | D - 10 से 17 मार्च

विश्व अंतरधार्मिक सौहार्द सप्ताह (WIHW) 1-7 फरवरी तक मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच समझ, संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है। 2025 की थीम "शांति के लिए एकजुटता" है, जो वैश्विक शांति और धार्मिक सौहार्द को प्रोत्साहित करती है। यह सप्ताह 2011 मे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्वीकृत हुआ था, और इसकी नींव 2007 मे शुरू की गई 'द कॉमन वर्ड' पहल पर आधारित है




**32. भारतीय नौसेना किस देश की नौसेना के साथ 'एकुवेरिन' अभ्यास आयोजित करती है ?**

A - श्रीलंका | **B - मालदीव**
C - रूस | D - कनाडा

संयुक्त भारत-मालदीव सैन्य अभ्यास 'एकुवेरिन' का 13वां संस्करण 2-15 फरवरी 2025 तक मालदीव मे आयोजित हो रहा है। यह अभ्यास 2009 मे भारत और मालदीव के सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए शुरू किया गया था। 'एकुवेरिन' का धिवेही भाषा मे अर्थ 'मित्र' है। इसमे भारतीय सेना और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बलों की प्लाटून स्तर की टुकड़ी भाग लेती है



**33. इंटरनेशनल साइक्लिंग यूनियन (UCI) ने साइक्लिंग मे एंथलीट्स द्वारा प्रदर्शन सुधारने के लिए किस गैस को इनहेल करने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया ?**

**A - कार्बन मोनोऑक्साइड** B - ऑक्सीजन

C - कार्बन डाईऑक्साइड D - ओजोन

इंटरनेशनल साइक्लिंग यूनियन (UCI) ने साइक्लिंग मे प्रदर्शन सुधारने के लिए कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) इनहेल करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कुछ पेशेवर टीमे CO इनहेल करके अपनी सहनशक्ति और हीमोग्लोबिन स्तर बढ़ाती थीं, जिससे बेहतर ऑक्सीजन परिवहन होता था। हालांकि, CO का उपयोग स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है, जैसे सिरदर्द, मतली और हृदय-मस्तिष्क पर प्रभाव।



**34. हाल ही मे किस टीम ने हॉकी इंडिया लीग 2024-25 का खिताब जीता ?**

A - दिल्ली डेविल्स **B - बंगाल टाइगर्स**

C - मुंबई मर्सियर्स D - पुणे पैथंर्स

बंगाल टाइगर्स ने हॉकी इंडिया लीग 2024-25 का खिताब जीता, फाइनल मे हैदराबाद तूफान को 4-3 से हराया। यह मैच बिरसा मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, राउरकेला (ओडिशा) मे हुआ। बंगाल टाइगर्स को 3 करोड़ रुपये और हैदराबाद तूफान को 2 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिली। टूर्नामेटं 28 दिसंबर 2024 से 1 फरवरी 2025 तक आयोजित हुआ।




**35. विश्व कैसंर दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 15 जनवरी **B - 4 फरवरी**

C - 8 मार्च D - 10 दिसंबर

विश्व कैसंर दिवस हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य कैसंर के बारे मे जागरूकता बढ़ाना है। 2025 की थीम 'United by Unique' है, जो व्यक्तिगत देखभाल और उपचार की महत्वता को दर्शाती है। इस दिवस की शुरुआत 4 फरवरी 2000 को UICC द्वारा की गई थी। कैसंर शरीर के अंगों मे अनियंत्रित कोशिकाओं के कारण होता है और यह मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है।




**36. अभी हाल मे मिची बिकी 6 उपग्रह किसने लॉन्च किया है**

**A - जापान** B - चीन

C - अमेरिका D - उत्तर कोरिया

JAXA ने अपने पाँचवे H-3 रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया, जिसमे मिचिबिकी नंबर 6 उपग्रह था। यह उपग्रह जापान की पोजीशनिंग प्रणाली को मजबूत करेगा, जो अमेरिका के GPS का जापानी संस्करण है। प्रक्षेपण तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्रं से हुआ और उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा मे स्थापित किया गया। जापान का लक्ष्य 2025 तक सात मिचिबिकी उपग्रहों का संचालन करना है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**37. TROPEX 25 संयुक्त सैन्य अभ्यास किस क्षेत्र मे आयोजित होता है**

**A - हिंद महासागर क्षेत्र** B - बंगाल की खाड़ी

C - अरब सागर की खाड़ी D - जैसलमेर का मरुक्षेत्र

TROPEX-25 (थिएटर लेवल ऑपरेशनल रेडीनेस एक्सरसाइज 2025) भारत का एक महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास है, जिसमे भारतीय नौसेना की केंद्रीय भूमिका है। यह अभ्यास भारतीय सेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के समन्वय को प्रदर्शित करता है और हिंद महासागर क्षेत्र मे शक्ति प्रदर्शन करता है। इस बार भारत के पूर्वी और पश्चिमी बेड़ों को एकीकृत किया गया, और आईएनएस विक्रांत पर मिग-29K विमानों का संचालन किया गया।



**38. केद्रीय चिड़िया प्राधिकरण द्वारा सफेद बाघ प्रजनन केद्रं खोलने की घोषणा किस जगह पर की है**

**A - रीवा** B - जयपुर

C - भरतपुर D - डिब्रूगढ़

केद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (CZA) ने मध्य प्रदेश के रीवा जिले मे भारत के पहले सफेद बाघ प्रजनन केद्रं को मंजूरी दी है, जो गोविंदगढ़ मे मुकुंदपुर सफेद बाघ सफारी के पास स्थापित होगा। यह केद्रं सफेद बाघों के संरक्षण और प्रजनन कार्यक्रम को आगे बढ़ाएगा, जिसका ऐतिहासिक महत्व है क्योंकि 1951 मे महाराजा मार्तंड सिंह जूदेव ने यहां अंतिम ज्ञात जंगली सफेद बाघ 'मोहान' की खोज की थी।



**39. अभी हाल मे टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज का खिताब किसने जीता**

A - D गुकेश **B - R प्रज्ञानंद**

C - दिव्या देशमुख D - निहाल सरण

आर प्रज्ञानानंद ने 2 फरवरी 2025 को नीदरलैड्स मे आयोजित टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेटं मे डी. गुकेश को रोमांचक टाई-ब्रेकर मे 2-1 से हराकर खिताब जीता। दोनों खिलाड़ियों ने सामान्य राउंड मे 8.5 अंक अर्जित किए, जिसके बाद टाई-ब्रेकर खेला गया। पहले खेल मे गुकेश ने प्रज्ञानानंद की गलती का फायदा उठाया, लेकिन दूसरे खेल मे प्रज्ञानानंद ने तकनीकी सटीकता से मुकाबला जीतकर स्कोर बराबर किया।



**40. अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस को कब लॉन्च किया गया**

**A - 9 April 2023** B - 11 April 2023

C - 6 April 2022 D - 10 April 2021

अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (IBCA) को एक संधि-आधारित अंतर-सरकारी संगठन के रूप मे स्थापित किया गया है, जिसका मुख्यालय भारत मे है। यह संगठन बाघ, शेर, तेदुंआ, हिम तेदुंआ, चीता, जगुआर और प्यूमा जैसे सात बड़ी बिल्ली प्रजातियों के संरक्षण पर काम करता है। इसका उद्देश्य इन प्रजातियों और उनके आवासों की सुरक्षा, अवैध वन्यजीव व्यापार और शिकार पर काबू पाना, और जलवायु परिवर्तन से निपटना है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**41. हाल ही मे केद्रं सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र के कितने श्रमिक पंजीकृत है ?**




A - 20.58 करोड़  B - 25.58 करोड़

**C - 30.58 करोड़**  D - 35.58 करोड़

ई-श्रम पोर्टल पर अब तक 30.58 करोड़ असंगठित श्रमिक पंजीकृत हो चुके है, जिसमे 2024 मे 1.23 करोड़ नए श्रमिक जुड़े। औसतन प्रतिदिन 33,700 श्रमिक पंजीकरण करा रहे है। यह पोर्टल 26 अगस्त 2021 को श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना और उन्हे सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

**42. राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन की शुरुआत कब हुई**



A - वर्ष 2021  **B - वर्ष 2003**

C - वर्ष 2010  D - वर्ष 2009

केद्रीय बजट 2025-26 मे 'ज्ञान भारतम मिशन' शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य एक करोड़ से अधिक प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण और डिजिटलीकरण करना है। इसके लिए ₹60 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, और इसे राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (NMM) के साथ समायोजित किया जाएगा। मिशन के तहत भारतीय ज्ञान प्रणालियों (IKS) का एक राष्ट्रीय डिजिटल भंडार बनाया जाएगा, जिससे प्राचीन भारतीय ज्ञान को आधुनिक शिक्षा व प्रौद्योगिकी से जोड़ा जा सके।

**43. अभी हाल ही मे बेल्जियम के नए प्रधानमंत्री के रूप मे किसने शपथ ली है**



**A - बार्ट डी वेवर**  B - नियाज़ शेख

C - ग्लैन मैक्सिको  D - जो बर्टन

बार्ट डी वेवर ने 3 फरवरी 2025 को बेल्जियम के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, उन्होंने अलेक्जेंडर डी क्रू का स्थान लिया। बेल्जियम की राजनीति जटिल है, क्योंकि यह डच-भाषी फ़्लैडंर्स और फ्रेंच-भाषी वालोन समुदायों मे विभाजित है। जून 2024 के चुनाव मे किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला, और पांच दलीय गठबंधन बनने मे सात महीने लगे। बार्ट डी वेवर एनवी-ए पार्टी के नेता है और बेल्जियम के पहले फ़्लैडंर राष्ट्रवादी प्रधानमंत्री बने।

**44. वर्ष 2023 - 24 मे भारत से कुल निर्यात कितना था।**



**A - 778.21**  B - 701.20

C - 600  D - 670.30

2023-24 मे भारत का कुल निर्यात 778.21 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा, जो 2013-14 की तुलना मे 67% अधिक है। इसमे 437.10 बिलियन अमेरिकी डॉलर का माल निर्यात और 341.11 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सेवा निर्यात शामिल है। संयुक्त राज्य अमेरिका (17.90%) भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य रहा, इसके बाद यूएई, नीदरलैंड और चीन प्रमुख बाजार थे।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

45. अभी हाल ही मे किस राज्य मे देश की पहली AI यूनिवर्सिटी खोलने की घोषणा की है

A - गुजरात  B - महाराष्ट्र
C - तमिलनाडु  D - ओडिशा

महाराष्ट्र भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेसं (AI) विश्वविद्यालय स्थापित करेगा, जो AI शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देगा। इसके लिए एक टास्क फोर्स बनाई गई है, जिसमे शिक्षा, उद्योग और सरकारी क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल है। इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य AI अनुसंधान, तकनीकी नवाचार, कौशल विकास और नीति निर्माण को प्रोत्साहित करना है




46. अभी हाल ही मे अंवाडा ग्रुप ने कसाले के साथ मिलकर देश के किस राज्य मे 1500 TPD ग्रीन अमोनिया प्लांट पर सहयोग हेतु समझौता किया है

A - ओडिशा  B - छत्तीसगढ़
C - तमिलनाडु  D - राजस्थान

अवाडा ग्रुप ने कासाले के साथ साझेदारी कर गोपालपुर, ओडिशा मे 1,500 TPD ग्रीन अमोनिया संयंत्र स्थापित करने की घोषणा की है। यह परियोजना पूरी तरह नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा संचालित होगी और कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी। कासाले इस परियोजना के लिए ग्रीन अमोनिया प्रक्रिया लाइसेसं और तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। यह भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम है।




47. अभी हाल ही मे सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु किस राज्य सरकार ने वॉट्सएप आधारित 'मन मित्र' पहल शुरू की है ?

A - आंध्रप्रदेश  B - कर्नाटक
C - तेलंगाना  D - उत्तरप्रदेश

आंध्र प्रदेश सरकार ने 'मना मित्र' व्हाट्सएप गवर्नेसं पहल शुरू की, जिससे नागरिक 161 सरकारी सेवाओं तक आसानी से पहुंच सकेगें। इसे आईटी मंत्री नारा लोकेश ने अमरावती मे लॉन्च किया। यह सेवा मेटा के सहयोग से विकसित हुई है और आंध्र प्रदेश ऐसा करने वाला दुनिया का पहला राज्य बना है। नागरिक व्हाट्सएप नंबर 9552300009 पर "Hi" भेजकर सेवाएँ प्राप्त कर सकते है।




48. महिला जननांग विकृति के लिए शून्य सहनशीलता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस 2025 मनाया गया ?

A - 6 February  B - 7 February
C - 8 january  D - 5 February

महिला जननांग विकृति (FGM) के खिलाफ शून्य सहिष्णुता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस 6 फरवरी, 2025 को मनाया गया। यह गैर-चिकित्सीय प्रथा मानवाधिकारों का उल्लंघन है और मुख्य रूप से अफ्रीका व मध्य पूर्व के 30 देशों मे प्रचलित है, लेकिन प्रवासी समुदायों के कारण अन्य क्षेत्रों मे भी देखा गया है। 2025 का विषय "गति बढ़ाएं: FGM समाप्त करने के लिए गठबंधन मजबूत करना और आंदोलनों का निर्माण करना" था, जो 2030 तक इसे समाप्त करने के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर देता है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

49. "वाटरशेड यात्रा" किस योजना के अंतर्गत शुरू की गई है ?

A - मनरेगा
B - प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (WDC-PMKSY 2.0)
C - राष्ट्रीय जल मिशन
D - प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने "वाटरशेड यात्रा" का शुभारंभ किया, जो प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (WDC-PMKSY 2.0) के तहत जल संसाधन प्रबंधन और जागरूकता बढ़ाने की पहल है। यह यात्रा 805 परियोजनाओं को कवर करेगी और 60 से 90 दिनों तक चलेगी। यात्रा 26 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 6673 ग्राम पंचायतों (13587 गांवों) तक पहुँचेगी, जहाँ विशेषज्ञ टिकाऊ मृदा और जल प्रबंधन पर चर्चा करेंगे।



50. हाल ही मे कौन सा देश संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC) से अलग हो गया ?

A - फ्रांस
B - रूस
C - चीन
D - अमेरिका

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC) से अमेरिका को अलग करने का फैसला किया, आरोप लगाते हुए कि यह इजरायल के खिलाफ पक्षपाती है और यहूदी विरोधी प्रचार कर रहा है। अमेरिका ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए UNHRC की सहायता राशि भी रोक दी। ट्रंप प्रशासन ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) मे अमेरिका की भागीदारी की समीक्षा का निर्देश दिया, जबकि अमेरिका और इजरायल 2019 मे यूनेस्को से अलग हो चुके थे।



51. इक होर अश्वत्थामा पुस्तक किस भाषा से संबंधित है ?

A - डोगरी
B - संस्कृत
C - पंजाबी
D - हिंदी

श्री चमन अरोड़ा को डोगरी भाषा मे उनकी पुस्तक "इक होर अश्वत्थामा" के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। यह एक लघु कथा संकलन है। उन्हे ₹1,00,000 की राशि और उत्कीर्ण ताम्र-पट्टिका प्रदान की जाएगी। यह सम्मान 8 मार्च 2025 को नई दिल्ली मे उनके परिवार के सदस्य या नामांकित व्यक्ति को दिया जाएगा। साहित्य अकादमी पुरस्कार भारत की राष्ट्रीय साहित्य अकादमी द्वारा दिया जाने वाला वार्षिक सम्मान है




52. हाल ही मे चिप डिजाइन मे NIELIT उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किसने किया ?

A - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
B - इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव
C - इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव श्री एस. कृष्णन
D - NIELIT के महानिदेशक

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव श्री एस. कृष्णन ने नोएडा मे NIELIT के चिप डिजाइन और वीएलएसआई अनुसंधान के लिए उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। यह केंद्र DPIIT से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप SoCTeamup सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर डिजाइन, नवाचार और विकास को बढ़ावा देना है।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**53. अमेरिकी मिशन ब्लू घोस्ट क्या है ?**

**A - लैडंर,अंतरिक्ष यान** B - व्यापारिक चिह्न

C - अंतराष्ट्रीय संधि D - उपरोक्त मे से कोई नहीं

ब्लू घोस्ट लैडंर फायरफ्लाई एयरोस्पेस द्वारा विकसित एक उन्नत अंतरिक्ष यान है, जिसका उद्देश्य चंद्रमा पर वैज्ञानिक पेलोड पहुंचाना और अनुसंधान को आगे बढ़ाना है। यह नासा के आर्टेमिस मिशन और लूनर सरफेस ऑपरेशंस प्रोग्राम का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य चंद्रमा पर दीर्घकालिक मानव उपस्थिति स्थापित करना है। यह लैडंर सटीक नेविगेशन, स्वायत्त संचालन और वैज्ञानिक उपकरणों की तैनाती मे संक्षम है



**54. विश्व फार्माकोपियाज़ की 15वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक कहाँ आयोजित की गई थी ?**

**A - नई दिल्ली** B - जयपुर

C - प्रयागराज D - भोपाल

नई दिल्ली मे 5-7 फरवरी 2025 तक विश्व फार्माकोपियास की 15वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक आयोजित हुई, जिसमे वैश्विक फार्मास्युटिकल नेताओं, नियामक अधिकारियों और उद्योग हितधारकों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य फार्मास्युटिकल मानकों मे सुधार और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था। यह बैठक विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा आयोजित और भारतीय फार्माकोपिया आयोग द्वारा होस्ट की गई थी।




**55. अभी हाल ही मे किस मंत्रालय ने शतावरी बेहतर स्वास्थ्य के लिए, विशेष अभियान शुरू किया है**

**A - आयुष मंत्रालय** B - वित्त मंत्रालय

C - ग्रह मंत्रालय D - विदेश मंत्रालय

आयुष मंत्रालय ने “शतावरी – बेहतर स्वास्थ्य के लिए” अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य शतावरी के औषधीय लाभों पर जागरूकता बढ़ाना है। इसका उद्घाटन आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने किया, जिसमे वंरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य और पारंपरिक चिकित्सा को सशक्त बनाने के लिए है। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (NMPB) के तहत पात्र संगठनों को ₹18.9 लाख की वित्तीय सहायता दी जाएगी।




**56. अभी हाल मे के बाला सुब्रमण्यम को किस बैंक का प्रमुख नियुक्त किया है**

**A - सिटीबैकं इंडिया** B - इंडियन ओवरसीज

C - HDFC D - SBI

सिटीबैकं ने के. बालासुब्रमण्यम को इंडिया सब-क्लस्टर और बैंकिंग प्रमुख नियुक्त किया, जो अशु खुल्लर का स्थान लेगें। उनकी नियुक्ति RBI की मंजूरी के अधीन है। वे एमोल गुप्ते को रिपोर्ट करेगें, जबकि खुल्लर अब वैश्विक संपत्ति प्रबंधन (GAM) के सह-प्रमुख होंगे। खुल्लर के नेतृत्व मे (2019-2025) सिटीबैकं इंडिया निवेश बैंकिंग मे शीर्ष स्थान पर पहुंचा। सिटीबैकं ने भारत को महत्वपूर्ण बाजार बताते हुए व्यापार वृद्धि पर जोर दिया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

57. हाल ही मे विश्व फार्माकोपियास की 15वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक कहाँ आयोजित की गई ?

A - नई दिल्ली

B - चेन्नई

C - हैदराबाद

D - लखनऊ

नई दिल्ली मे 5-7 फरवरी 2025 तक विश्व फार्माकोपियास की 15वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक आयोजित हुई, जिसका आयोजन WHO ने किया और भारतीय फार्माकोपिया आयोग ने इसकी मेजबानी की। बैठक का उद्देश्य दवा मानकों मे सुधार, गुणवत्ता सुनिश्चित करना और नियामक अभिसरण को बढ़ावा देना था। फार्माकोपिया दवाओं की शुद्धता, पहचान और सक्रिय पदार्थ की मात्रा सुनिश्चित करने वाला कानूनी दस्तावेज है।




58. नाइजर, माली और बुर्किना फासो ने हाल ही मे किस क्षेत्रीय ब्लॉक से खुद को अलग कर लिया है ?

A - यूरोपीय संघ

B - दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ

C - इकोवास

D - अफ्रीकी संघ

नाइजर, माली और बुर्किना फासो ने राजनयिक शासन बहाली की शर्तों के चलते औपचारिक रूप से इकोवास (ECOWAS) से अलग होने की घोषणा की। इन देशों मे सेना ने क्रमशः 2023, 2022 और 2020 मे सत्ता संभाली थी, जिससे इकोवास से उनके संबंध बिगड़ गए। ECOWAS की स्थापना 1975 मे हुई थी, जिसका मुख्यालय अबुजा, नाइजीरिया मे है। इसका उद्देश्य आर्थिक एकीकरण, राजनीतिक सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा बनाए रखना है।



59. ग्रीन स्कूल पुरस्कार समारोह-2025 का आयोजन किसने किया था ?

A - विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

B - पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

C - विज्ञान और पर्यावरण केद्रं

D - शिक्षा मंत्रालय

विज्ञान और पर्यावरण केद्रं द्वारा आयोजित ग्रीन स्कूल पुरस्कार समारोह 2025 मे सिक्किम के पीएम श्री गवर्नमेटं सीनियर सेकेडंरी स्कूल, नामची को पूर्वोत्तर का एकमात्र ग्रीन स्कूल घोषित किया गया। इस समारोह का उद्देश्य युवा पर्यावरणविदों को प्रोत्साहित करना है। ग्रीन स्कूल ऑडिट प्रक्रिया मे 10,000 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया, लेकिन केवल 150 स्कूलों को ग्रीन स्कूल का दर्जा मिला।



60. गुजरात के किस गांव के प्राकृतिक अंतर्देशीय मैंग्रोव स्थल को राज्य का पहला जैव विविधता विरासत स्थल घोषित किया गया है ?


A - कच्छ जिले का गुनेरी गांव

B - अहमदाबाद जिले का वीरमगाम गांव

C - सूरत जिले का मांडवी गांव

D - वडोदरा जिले का डभोई गांव

गुजरात के कच्छ जिले के गुनेरी गांव के अंतर्देशीय मैंग्रोव स्थल को राज्य का पहला जैव विविधता विरासत स्थल घोषित किया गया। 32.78 हेक्टेयर मे फैले इस क्षेत्र को गुजरात जैव विविधता बोर्ड की सिफारिश पर अधिसूचित किया गया, जिसका प्रबंधन स्थानीय जैव विविधता प्रबंधन समिति करेगी। अंतर्देशीय मैंग्रोव समुद्र से दूर दुर्लभ पारिस्थितिक तंत्र होते है।



VISIT OUR WEBSITE


Todaysprint.com

61. हाल ही मे रिजर्व बैकं ने रेपो दर मे कितनी प्रतिशत की कटौती की है ?

A - 0.50% B - 0.25%

C - 1% D - 0.75%

RBI ने 0.25% की कटौती कर रेपो रेट को 6.25% कर दिया, जो पांच वर्षों मे पंहली बार हुआ है। पिछली कटौती मई 2020 मे 0.40% की हुई थी, जबकि आखिरी बदलाव फरवरी 2023 मे हुंआ था। रेपो दर वह ब्याज दर है जिस पर RBI बैकों और सरकारों को अल्पकालिक ऋण देता है, जिसे मौद्रिक नीति समिति निर्धारित करती है।




62. लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक मे भारत की मौजूदा स्थिति क्या है ?

A - 38 वा स्थान B - 42 वा स्थान

C - 52 वा स्थान D - 140 वा स्थान

भारत PM गति शक्ति और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति के तहत लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को सशक्त बना रहा है। विश्व बैंक के लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (LPI) मे भारत वर्तमान मे 38वे स्थान पर है और 2030 तक शीर्ष 25 मे पंहुंचने का लक्ष्य रखता है। 2029 तक यह क्षेत्र $484.43 बिलियन तक पहुंच सकता है, जबकि सरकार लॉजिस्टिक्स लागत को GDP के 13-14% से घटाकर सिंगल डिजिट मे लाने की योजना बना रही है।



63. अभी हाल ही मे फूंड डिलीवरी कंपनी Zomato ने अपना नया नाम बदलकर क्या किया है ?

A - Foodish B - Eternal

C - Bhojan thali D - vyanjana

Zomato ने अपना नाम बदलकर "Eternal" कर दिया है, जो 6 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा। यह रीब्रांडिंग कंपनी के विविध व्यवसायों को एकीकृत करने और दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाने के लिए की गई है। हालांकि, फूड डिलीवरी के लिए Zomato ब्रांड बना रहेगा। Eternal नाम 2022 से आंतरिक रूप से उपयोग मे था, लेकिन अब कंपनी के विस्तार और विविधीकरण के साथ इसे आधिकारिक रूप दिया गया है।




64. अभी हाल ही मे डिजिटल बैंकिंग की साइबर सुरक्षा हेतु भारतीय बैकों और गैर वित्तीय संस्थानों के लिए Bank.in और Fin.in डोमेन निर्धारित किया गया है। यह डोमेन किसके द्वारा निर्धारित किया है ?

A - RBI द्वारा B - केद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा

C - PMO द्वारा D - उपरोक्त मे से कोई नहीं

RBI ने डिजिटल बैंकिंग सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'Bank.in' और 'Fin.in' डोमेन जारी किए, जिससे बैकं और NBFCs की वेबसाइटों की प्रामाणिकता सुनिश्चित होगी। अप्रैल 2025 से 'Bank.in' पंजीकरण शुरू होगा, जबकि 'Fin.in' चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**65. भारत का 2030 तक का लक्ष्य कितनी गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता प्राप्त करना है ?**



A - 200 गीगावाट
B - 300 गीगावाट
C - 500 गीगावाट
D - 1000 गीगावाट

भारत ने 100 गीगावाट स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता पार कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो स्वच्छ और हरित भविष्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इसकी घोषणा की। सौर पैनल, सौर पार्क और रूफटॉप सौर परियोजनाओं ने इसमे अहम योगदान दिया, जिसमे पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना भी शामिल है। भारत का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता हासिल करना है।

**66. एयरो इंडिया का 15 वा संस्करण कब से कब तक आयोजित किया जाएगा**



A - 10 to 14 February
B - 14 to18 February
C - 16 to18 February
D - 11 to14 February

एयरो इंडिया एशिया का सबसे बड़ा एयर शो है, जिसे रक्षा मंत्रालय, रक्षा उत्पादन विभाग और रक्षा प्रदर्शनी संगठन द्वारा बेंगलुरु मे आयोजित किया जाता है। यह द्विवार्षिक शो वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा विशेषज्ञों को एक मंच पर लाता है, जहां अत्याधुनिक तकनीकों, रक्षा समाधानों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर चर्चा होती है।

**67. BIMSTEC युवा शिखर सम्मेलन 2025 का आयोजन कहां किया जा रहा है**




A - गांधीनगर,( गुजरात)
B - जयपुर,( राजस्थान )
C - लखनऊ, (उत्तरप्रदेश )
D - भोपाल,( मध्यप्रदेश )

BIMSTEC युवा शिखर सम्मेलन 2025 का आयोजन 7 से 11 फरवरी 2025 तक गांधीनगर, गुजरात मे होगा, जिसका उद्घाटन 8 फरवरी को केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य BIMSTEC देशों—बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड—के युवाओं के बीच सहयोग, नवाचार और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है।

**68. किस देश ने अभी हाल ही मे चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव ( BRI) से बाहर होने की घोषणा की है**




A - पाकिस्तान
B - श्रीलंका
C - पनामा
D - जिबूती

पनामा ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) से बाहर होने की घोषणा की, जो उसकी विदेश नीति मे बड़ा बदलाव दर्शाता है। राष्ट्रपति जोसे राउल मुलिनो के इस फैसले से अमेरिका-चीन तनाव स्पष्ट होता है, खासकर पनामा नहर को लेकर। पनामा 2017 मे BRI मे शामिल हुआ था, जिसके तहत चीन ने नहर पर चौथे पुल, मेट्रो लाइन और हाई-स्पीड रेल जैसी परियोजनाओं मे निवेश किया।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**69. फिलेमोन यांग ने अपनी भारत यात्रा के दौरान किन शहरों का दौरा किया ?**



**A - नई दिल्ली और बेंगलुरु** B - जयपुर और उदयपुर

C - लखनऊ और वाराणसी D - गुड़गांव और देहरादून

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वे संत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग 4-7 फरवरी 2025 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर थे। यह उनकी पहली भारत यात्रा थी, क्योंकि उन्हे 24 जून 2024 को महासभा का अध्यक्ष चुना गया था। फिलेमोन यांग, जो पहले कैमरून के प्रधानमंत्री रह चुके है, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के निमंत्रण पर भारत आए। उन्होंने नई दिल्ली और बेंगलुरु का दौरा किया।

**70. विश्व के सबसे बड़े झुमर महोत्सव की मेजबानी कौनसा राज्य कर रहा है**




**A - असम** B - त्रिपुरा

C - नागालैंड D - उत्तराखंड

असम 24 फरवरी 2025 को दुनिया के सबसे बड़े झूमर नृत्य प्रदर्शन का आयोजन करेगा, जिसमे 7,500 से अधिक नर्तक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेंगे। यह आयोजन एडवांटेज असम 2.0 निवेश शिखर सम्मेलन (25-26 फरवरी) के तहत होगा, जिसमे प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी मुख्य अतिथि होंगे। इसका उद्देश्य असम की सांस्कृतिक विरासत को उजागर करना और वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करना है।

**71. UN महासभा द्वारा किस दिन को अंतर्राष्ट्रीय अरबियन तेदुंआ दिवस घोषित किया है ?**




**A - 10 February** B - 11 march

C - 12 April D - 14 May

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव 77/295 के तहत 10 फरवरी को "अंतर्राष्ट्रीय अरबियन तेदुंआ दिवस" घोषित किया, जिसे पहली बार 2024 मे मनाया गया। इसका उद्देश्य संकटग्रस्त अरबियन तेदुंए के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अरबियन तेदुंआ मुख्य रूप से सऊदी अरब, ओमान, यूएई, यमन, जॉर्डन और इज़राइल मे पाया जाता है। यह आकार मे छोटा होता है और इसका आहार गज़ेल, खरगोश और पक्षी होते है।

**72. अभी हाल ही मे घोषित माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व घोषित किया है, यह किस राज्य मे है**




**A - मध्यप्रदेश** B - तमिलनाडु


C - छत्तीसगढ़ D - ओडिशा

माधव राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश का 9वाँ टाइगर रिज़र्व बना, जिससे चंबल अंचल मे वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। अगले पाँच वर्षों मे इसे 1,600 वर्ग किमी तक विस्तारित करने और 100 हेक्टेयर मे बाघ सफारी विकसित करने की योजना है, जिसमे 20 करोड़ रुपये का निवेश होगा। मध्य प्रदेश मे पहले 8 टाइगर रिज़र्व थे, अब माधव के जुड़ने से इनकी संख्या 9 हो गई।

**73. 16 से 18 फरवरी के बीच तीन दिवसीय इंटरनेशनल बर्ड फेस्टिवल का आयोजन कहाँ किया जाएगा ?**

A - वाराणसी
B - अयोध्या
C - हरिद्वार
D - प्रयागराज

महाकुंभ 2025 मे पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए 16 से 18 फरवरी तक तीन दिवसीय इंटरनेशनल बर्ड फेस्टिवल आयोजित होगा। इसका उद्देश्य पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियों से अवगत कराना और उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस फेस्टिवल मे श्रद्धालु और प्रकृति प्रेमी 200 से अधिक प्रवासी और स्थानीय पक्षियों को देख सकेगें, जिनमे इंडियन स्कीमर, फ्लेमिंगो और साइबेरियन क्रेन जैसी दुर्लभ प्रजातियाँ शामिल है।



**74. कौशल भारत कार्यक्रम का परिव्यय वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक कितने रुपये है ?**

A - 5,000 करोड़ रुपये
B - 8,800 करोड़ रुपये
C - 10,000 करोड़ रुपये
D - 12,500 करोड़ रुपये

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कौशल भारत कार्यक्रम को 2026 तक जारी रखने और इसके पुनर्गठन को मंजूरी दी है। इस योजना का कुल परिव्यय 8,800 करोड़ रुपये है, जो 2022-23 से 2025-26 तक लागू होगा। इसके तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 (PMKVY 4.0), प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (PM-NAPS) और जन शिक्षण संस्थान (JSS) योजना शामिल है।

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**75. दभोटा हरित हाइड्रोजन संयंत्र की स्थापना किसके सहयोग से की जा रही है ?**

A - NTPC
B - ऑयल इंडिया लिमिटेड
C - रिलायंस इंडस्ट्रीज
D - टाटा पावर

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के दभोटा मे उत्तर भारत के पहले 1 मेगावाट के हरित हाइड्रोजन संयंत्र की आधारशिला रखी। इसे हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) और ऑयल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से 9.04 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया जाएगा। राज्य मार्च 2026 तक भारत का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनने के लक्ष्य पर कार्य कर रहा है।



**76. हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 की श्रेणी मे प्रथम स्थान पर कौनसा देश है ?**

A - सिंगापुर
B - जापान
C - अमेरिका
D - साऊथ कोरिया

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 मे 199 देशों के पासपोर्ट को वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल पहुंच के आधार पर रैंक किया गया है। यह रैंकिंग IATA के डेटा पर आधारित है और वैश्विक गतिशीलता को दर्शाती है। सिंगापुर 193 गंतव्यों की वीजा-फ्री सुविधा के साथ पहले स्थान पर है, जबकि जापान और दक्षिण कोरिया 190 गंतव्यों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

77. अभी हाल ही मे भारत और मिस्त्र के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास साइक्लोन 2025 का आयोजन कहां किया जा रहा है ?

A - मध्यप्रदेश B - राजस्थान

C - छत्तीसगढ़ D - हरियाणा

भारत और मिस्त्र के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज मे 14 दिवसीय संयुक्त अभ्यास 'साइक्लोन 2025' शुरू हुआ। इसका उद्देश्य विशेष बलों की इंटरऑपरेबिलिटी को मजबूत करना और आतंकवाद विरोधी अभियानों, टोही, छापेमारी, स्नाइपिंग, निगरानी और कॉम्बैट फ्री फॉल जैसे सैन्य कौशलों को विकसित करना है।



78. अभी हाल ही मे अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप ने गल्फ ऑफ मैक्सिको का नाम बदलकर क्या किया है ?

A - गल्फ ऑफ अमेरिका डे B - गल्फ ऑफ पीस

C - गल्फ ऑफ ऑनर D - गल्फ ऑफ वॉर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 9 फरवरी को गल्फ ऑफ मैक्सिको का नाम बदलकर "गल्फ ऑफ अमेरिका" कर दिया और इसे "गल्फ ऑफ अमेरिका डे" घोषित किया। यह निर्णय एक कार्यकारी आदेश के तहत लिया गया, जिससे अमेरिका की संप्रभुता को मजबूत करने का संकेत दिया गया। 20 जनवरी को अपने उद्घाटन के दौरान ट्रंप ने गृह विभाग को 30 दिनों मे इस प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया और एयर फोर्स वन मे उड़ान के दौरान इस आदेश पर हस्ताक्षर किए



79. अभी हाल ही मे लेबनान के प्रधानमंत्री के रूप मे किसे नियुक्त किया है ?

A - नवाज शरीफ B - नवाफ़ सलाम

C - शाहिद अफरीदी D - अहसान शरीफ

लेबनान मे दो साल के राजनीतिक गतिरोध के बाद प्रधानमंत्री नवाफ़ सलाम के नेतृत्व मे नई सरकार बनी। राष्ट्रपति जोसेफ औन ने 8 फरवरी 2025 को सरकार गठन का आदेश जारी किया और कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकात का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। नवाफ़ सलाम, जो अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के पूर्व अध्यक्ष रह चुके है, को जनवरी 2025 मे प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था।




80. विश्व दलहन दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 10 फरवरी B - 11 फरवरी

C - 6 फरवरी D - 11 मार्च

विश्व दलहन दिवस हर साल 10 फरवरी को दलहन के सतत और पोषक खाद्य स्रोत के रूप मे महत्व को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन दलहन के पोषण, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय लाभों पर जोर देता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित यह दिवस भूख उन्मूलन, मानव स्वास्थ्य सुधार और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने मे दलहन की भूमिका को प्रोत्साहित करता है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

81. हाल ही मे 'विंग्ड रेडर्स' नामक संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास कहाँ आयोजित किया गया ?

A - पूर्वी कमान
B - मध्य कमान
C - उत्तरी कमान
D - पश्चिमी कमान

भारतीय थल सेना और वायु सेना ने पूर्वी कमान मे 'विंग्ड रेडर्स' नामक संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास आयोजित किया, जो विशेष रूप से हवाई अभियानों पर केंद्रित था। इसका उद्देश्य अंतर-सेवा तालमेल और अंतरसंचालनीयता को मजबूत करना था, जिससे दोनों बल एक-दूसरे के हथियार प्रणालियों का कुशल उपयोग कर सके। यह भारत सरकार के एकीकृत थिएटर कमांड स्थापित करने के प्रयास का हिस्सा है



82. हाल ही मे केंद्रीय कैबिनेट ने भारतीय रेलवे के अंतर्गत किस नए रेलवे जोन के निर्माण को मंजूरी दी ?

A - दक्षिण तटीय रेलवे जोन
B - पूर्व तटीय रेलवे जोन
C - पश्चिम तटीय रेलवे जोन
D - उत्तर तटीय रेलवे जोन

केंद्रीय कैबिनेट ने भारतीय रेलवे के 18वे जोन, दक्षिण तटीय रेलवे (SCoR) के गठन को मंजूरी दी। यह जोन आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत बनाया गया है और ईस्ट कोस्ट रेलवे (ECoR) व साउथ सेट्रंल रेलवे (SCR) के कुछ हिस्सों को मिलाकर स्थापित किया गया है। इसका अधिकार क्षेत्र आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों तक फैला होगा। वाल्टेयर रेलवे डिवीजन को दो भागों मे विभाजित किया गया है



83. 12 फरवरी 2025 को किसकी जयंती मनाई जाएगी ?

A - गुरु नानक देव
B - गुरु रविदास
C - गुरु गोविंद सिंह
D - संत सूरदास

गुरु रविदास जयंती 12 फरवरी 2025 को मनाई जाएगी, क्योंकि उनका जन्म माघ पूर्णिमा को हुआ था। इस वर्ष पूर्णिमा तिथि 11 फरवरी की शाम 6:55 बजे से 12 फरवरी की शाम 7:22 बजे तक रहेगी। गुरु रविदास भक्ति आंदोलन के महान संत, दार्शनिक, कवि और समाज सुधारक थे। उनका जन्म बनारस मे हुआ था और वे चमड़े के काम से जुड़े समुदाय से थे। उन्हे रैदास, रोहिदास और रूहीदास नामों से भी जाना जाता है।



84. हाल ही मे स्विट्ज़रलैडं की किस टेनिस खिलाड़ी ने मुंबई ओपन 2025 टेनिस प्रतियोगिता जीती ?

A - अरीना सबलेकां
B - जिल टीचमैन
C - ओन्स जाबेउर
D - सिमोना हालेप

स्विट्जरलैडं की जिल टीचमैन ने मुंबई ओपन 2025 टेनिस खिताब जीता, फाइनल मे थाईलैडं की मनांचया सवांगकाउ को हराया। यह टूर्नामेटं 3-9 फरवरी 2025 तक क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया, मुंबई मे आयोजित हुआ। मुंबई ओपन भारत मे आयोजित होने वाली एकमात्र डब्ल्यूटीए प्रतियोगिता है। पहली बार 2017 मे आयोजित इस टूर्नामेटं को आर्यना सबालेकां ने जीता था। 2025 मे इसका चौथा संस्करण हुआ, जो हार्ड कोर्ट पर खेला जाता है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**85. लिम्फेटिक फाइलेरिया मुख्य रूप से किसके कारण होता है ?**



A - बैक्टीरिया | B - वायरस
C - परजीवी कृमि | D - फंगस

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने लिम्फेटिक फाइलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय सार्वजनिक औषधि वितरण अभियान शुरू किया। यह 13 राज्यों के 111 जिलों मे लागू होगा, जहां 17.5 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त दवाइयां दी जाएंगी, ताकि 2030 एसडीजी लक्ष्य से पहले बीमारी का उन्मूलन हो सके। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान के तहत सभी पात्र लोगों को एंटी-फाइलेरिया दवाएं दी जाएंगी।

**86. निम्नलिखित मे से कौन-सी वस्तुएं ई-नाम मे शामिल की गई 10 नई वस्तुओं मे शामिल नहीं है ?**



A - तुलसी के सूखे पत्ते | B - कॉफी
C - हींग | D - ड्रैगन फ्रूट

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने ई-नाम (National Agriculture Market) के तहत व्यापार का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिससे किसानों और व्यापारियों को डिजिटल ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का अधिक लाभ मिल सके। विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय (डीएमआई) ने 10 अतिरिक्त कृषि वस्तुओं के लिए व्यापार योग्य मापदंड तैयार किए है, जिससे ई-नाम पर सूचीबद्ध वस्तुओं की संख्या 231 हो जाएगी।

**87. नई दिल्ली मे यूनानी दिवस पर, यूनानी चिकित्सा मे नवाचार हेतु अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया ?**



A - राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा | B - प्रधान मंत्री नरेद्रं मोदी द्वारा
C - ग्रह मंत्री अमित शाह | D - स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 11 फरवरी 2025 को नई दिल्ली मे "एकीकृत स्वास्थ्य समाधान के लिए यूनानी चिकित्सा मे नवाचार - आगे का रास्ता" विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन यूनानी दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमे केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव और केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम) के महानिदेशक डॉ. एन जहीर अहमद उपस्थित थे।

**88. अंतराष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस कब मनाया जाता है**




A - 11 फरवरी | B - 12 फरवरी
C - 10 मार्च | D - 10 अप्रैल

अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस (IDWGS) हर साल 11 फरवरी को STEM मे महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 2015 मे इस दिन को घोषित किया, लेकिन विज्ञान और तकनीकी क्षेत्रों मे महिलाओं की भागीदारी अभी भी सीमित है।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**89. पैरा एशिया कप 2025 का आयोजन कहाँ किया गया ?**



A - थाईलैंड | B - मलेशिया
C - जापान | D - दक्षिणी कोरिया

भारत ने 2025 पैरा तीरंदाजी एशिया कप मे 6 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 12 पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला कंपाउंड ओपन मे सरिता और पुरुष कंपाउंड ओपन मे श्याम सुंदर स्वामी ने स्वर्ण पदक जीते। महिला रिकर्व ओपन मे पूजा ने रजत पदक जीता। पुरुष कंपाउंड ओपन मे राकेश कुमार, पुरुष रिकर्व ओपन मे हरविंदर सिंह, और पुरुष डब्ल्यू1 मे आदिल मोहम्मद नज़ीर अंसारी ने कांस्य पदक जीते।

**90. 'उगबाड़' जलवायु-लचीली कृषि परियोजना किस संगठन द्वारा शुरू की गई है ?**



A - विश्व बैकं | B - संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
C - अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) | D - संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)

FAO ने सोमालिया मे "उगबाड़" नामक सात वर्षीय जलवायु-लचीली कृषि परियोजना शुरू की, जिसमे 95 मिलियन डॉलर का निवेश किया गया है। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से निपटना, कृषि खाद्य प्रणालियों को मजबूत करना और कमजोर समुदायों को सशक्त बनाना है। परियोजना को अक्टूबर 2024 मे मंजूरी मिली थी। सोमालिया मे 65% आबादी कृषि पर निर्भर है, जिससे यह पहल महत्वपूर्ण है।

**91. राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन अनुसंधान संस्थान (ICAR-NRIIPM) की स्थापना कब हुई थी ?**



A - 1988 | B - 1990
C - 1992 | D - 1995

ICAR-NRIIPM, जो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीन कार्यरत है, 12 फरवरी 2025 को अपना 37वाँ स्थापना दिवस मना रहा है। 1988 मे नई दिल्ली मे स्थापित यह संस्थान पौध संरक्षण और पर्यावरण के अनुकूल नाशीजीव प्रबंधन मे अग्रणी है। इसका उद्देश्य फसलों को नाशीजीवों से बचाना और टिकाऊ कीट नियंत्रण विधियों को बढ़ावा देना है। नाशीजीवों मे कीट, रोगजनक, खरपतवार और कृंतक शामिल है, जो कृषि उत्पादन, खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकते है।

**92. फरवरी 2025 मे किस देश ने कृत्रिम बुद्धिमता पर तीसरे अंतराष्ट्रीय सम्मेलन AI एक्शन समिट की मेजबानी की ?**




A - फ्रांस | B - अमेरिका
C - जापान | D - उरुग्वे

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने 11 फरवरी 2025 को पेरिस मे फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ 'एआई एक्शन समिट' की सह-अध्यक्षता की। भारत और फ्रांस ने इस तीसरे अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन की सह-मेजबानी की, जिसमे एंआई पर चर्चा की गई। फ्रांस ने घोषणा की कि अगला एआई शिखर सम्मेलन भारत मे आयोजित होगा। इस बैठक मे अमेरिका, चीन, कनाडा सहित कई देशों के नेता और गूगल, माइक्रोसॉफ्ट जैसी शीर्ष कंपनियों के सीईओ शामिल हुए।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

93. एशिया मत्स्य पालन और जलीय कृषि फोरम की बैठक कितने वर्षों बाद आयोजित की जाती है ?

A - 3 वर्ष
B - 4 वर्ष
C - 5 वर्ष
D - 6 वर्ष

भारत 12-14 फरवरी 2025 को नई दिल्ली मे 14वीं एशियाई मत्स्य पालन और जलीय कृषि फोरम बैठक की मेजबानी कर रहा है। यह बैठक हर तीन साल मे आयोजित होती है, और इससे पहले 2019 मे ताइवान के ताइनान मे हुई थी। इस फोरम का उद्देश्य मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र मे शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं को एक मंच प्रदान करना है। 24 देशों के लगभग 1,000 प्रतिनिधि इस बैठक मे भाग ले रहे है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक और झींगा उत्पादन मे अग्रणी है।



94. अभी हाल ही मे अंतराष्ट्रीय प्रशानिक विज्ञान संस्थान ( IIAS) का 2025 वार्षिक सम्मेलन कहां आयोजित किया गया ?

A - नई दिल्ली
B - कानपुर
C - जयपुर
D - मद्रास


भारत पहली बार आईआईएएस-डीएआरपीजी भारत सम्मेलन 2025 की मेजबानी कर रहा है, जो 10-14 फरवरी 2025 तक नई दिल्ली मे हो रहा है। 55 से अधिक देशों के विशेषज्ञ इसमे सार्वजनिक प्रशासन, शासन सुधार और प्रौद्योगिकी की भूमिका पर चर्चा करेगें। इस दौरान आईआईएएस की वार्षिक आम सभा की बैठक भी आयोजित होगी। यह सम्मेलन भारत सरकार के डीएआरपीजी और आईआईएएस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।



95. अभी हाल ही मे किस देश के शोधकर्ताओं ने मानव मस्तिष्क मे उन तंत्रों की खोज की है जो दूसरों की भावनात्मकता को पहचानने मे मंदद करते है ?

A - चीन
B - इजरायल
C - अमेरिका
D - भरता


हाइफ़ा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क के मीडियल प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स (mPFC) की भूमिका की खोज की है, जो भावनात्मक पहचान और सामाजिक व्यवहार को नियंत्रित करता है। यह अध्ययन, जो Current Biology मे प्रकाशित हुआ, ऑटिज़्म जैसे विकारों के उपचार मे सहायक हो सकता है। चूहों पर किए गए प्रयोगों से पता चला कि mPFC न्यूरॉन्स तनावग्रस्त और शांत चूहों पर अलग-अलग प्रतिक्रिया देते है। जब mPFC की गतिविधि बाधित की गई, तो चूहे भावनाओं मे अंतर नहीं कर पाए। यह निष्कर्ष दर्शाते है



96. अभी हाल ही मे किस देश ने हाइब्रिड क्वांटम सुपरकंप्यूटर विकसित किया है ?

A - जापान
B - चीन
C - दक्षिण कोरिया
D - इजरायल

जापान के इंजीनियरों ने रीमेई नामक विश्व का पहला हाइब्रिड क्वांटम सुपरकंप्यूटर विकसित किया है, जिसे फुगाकू सुपरकंप्यूटर मे एंकीकृत किया गया है। 20-क्यूबिट क्षमता वाला यह कंप्यूटर ट्रैप्ड-आयन क्यूबिट्स का उपयोग करता है, जबकि अधिकांश क्वांटम कंप्यूटर सुपरकंडक्टिंग क्यूबिट्स पर आधारित होते है। इसमे आयन ट्रैप तकनीक और लेजर नियंत्रण का उपयोग करके आयनों को क्यूबिट्स के रूप मे संचालित किया जाता है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**97. सामाजिक विकास आयोग की स्थापना कब हुई थी ?**




A - वर्ष 1940 | B - वर्ष 1942

C - वर्ष 1945 | **D - वर्ष 1946**

भारत ने 10-14 फरवरी, 2025 तक न्यूयॉर्क मे आयोजित CSocD के 63वे सत्र मे भाग लिया, जहां महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने प्रतिनिधित्व किया। इस सत्र का उद्देश्य समावेशी सामाजिक नीतियों को बढ़ावा देना और वैश्विक कल्याण को मजबूत करना था। इसमे 49 देशों ने भाग लिया, जिनमे फ्रांस, तुर्की, सऊदी अरब और स्वीडन शामिल थे। भारत ने "एकजुटता और सामाजिक सामंजस्य" विषय पर अपनी प्रतिबद्धता जताई और सामाजिक समावेशन व समानता पर जोर दिया।

**98. भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2024 मे भारत का कौन-सा स्थान रहा है ?**





A - 90 | B - 95

**C - 96** | D - 100

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने 2024 के लिए भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (CPI) जारी किया, जिसका फोकस "भ्रष्टाचार जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई मे बाधा डालता है" पर था। भारत 180 देशों मे 96वे स्थान पर है, जिसका स्कोर 38 है, जो 2023 मे 39 और 2022 मे 40 था। भारत की रैंकिंग 2023 मे 93वीं और 2022 मे 85वीं थी। पड़ोसी देशों मे पाकिस्तान 135वे, श्रीलंका 121वे, बांग्लादेश 149वे और चीन 76वे स्थान पर रहा।

**99. विश्व रेडियो दिवस कब मनाया जाता है ?**





A - 10 फरवरी | B - 12 फरवरी

**C - 13 फरवरी** | D - 14 फरवरी

विश्व रेडियो दिवस हर साल 13 फरवरी को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षा, सूचना और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। 2025 की थीम "रेडियो और जलवायु परिवर्तन: जलवायु कार्रवाई के लिए एक शक्तिशाली उपकरण" है। 1920 के दशक मे व्यावसायिक रूप से शुरू हुआ रेडियो 1950 तक लोकप्रिय हो गया। यूनेस्को ने 2011 मे इसे मान्यता दी, और 2013 मे संयुक्त राष्ट्र ने इसे अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम बनाया।

**100. 25T बोलार्ड पुल टग अश्व का निर्माण किस कंपनी द्वारा किया गया है ?**



A - मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड | B - कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड

**C - टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड** | D - हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड

विशाखापत्तनम के नौसेना डॉकयार्ड मे तीसरे 25टी बोलार्ड पुल टग 'अश्व' (यार्ड 337) को शामिल किया गया। यह टग टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल), कोलकाता के साथ नवंबर 2021 मे हुए छह 25टी बीपी टग निर्माण अनुबंध का हिस्सा है। यह स्वदेशी डिजाइन पर आधारित है और भारतीय नौवहन रजिस्टर (आईआरएस) के नियमों के अनुसार बना है। टग बोट्स छोटे लेकिन शक्तिशाली जहाज होते है, जो बड़े जहाजों और पनडुब्बियों को खींचने, धकेलने और मार्गदर्शन करने के लिए बनाए जाते है।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

101. अभी हाल ही मे भारतीय स्नूकर चैंपियनशिप किस खिलाड़ी ने जीती ?

A - पंकज आडवाणी

B - आदित्य मेहता

C - गीत सेठी

D - सौरव कोठारी

पंकज आडवाणी ने भारतीय स्नूकर चैंपियनशिप 2024 जीतकर अपना 36वां राष्ट्रीय और 10वां पुरुष स्नूकर खिताब हासिल किया। उन्होंने फाइनल मे ब्रिजेश दमानी को हराया। यह टूर्नामेंट एशियाई और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारत का एकमात्र चयन कार्यक्रम है। आडवाणी भारत के शीर्ष स्नूकर और बिलियर्ड्स खिलाड़ी है। उन्होंने 2003 मे पहला राष्ट्रीय बिलियर्ड्स खिताब जीता और विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप मे 17 गोल्ड मेडल अपने नाम किए।



102. सरोजिनी नायडू को किस राज्य की पहली महिला राज्यपाल नियुक्त किया गया था ?

A - बिहार

B - आन्ध्र प्रदेश

C - पश्चिम बंगाल

D - उत्तर प्रदेश

सरोजिनी नायडू का जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद मे हुआ था। वे स्वतंत्रता संग्राम मे सक्रिय रहीं और 1925 मे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष बनीं। 1930 मे नमक सत्याग्रह मे भाग लेने के कारण उन्हे गिरफ्तार किया गया, और वे भारत छोड़ो आंदोलन मे भी शामिल रहीं। स्वतंत्रता के बाद, वे उत्तर प्रदेश की पहली महिला राज्यपाल बनीं।कवि के रूप मे उन्हे "भारत कोकिला" की उपाधि मिली। उनकी प्रमुख रचनाएँ द गोल्डन थ्रेसहोल्ड, द बर्ड ऑफ टाइम, और द सैप्ट्रेड फ्लूट है।



103. राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार के किस मंत्रालय के अधीन आता है

A - केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

B - ग्रह मंत्रालय

C - पंचायती राज मंत्रालय

D - कार्मिक मंत्रालय

प्रधान मंत्री नरेद्रं मोदी की अध्यक्षता मे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का कार्यकाल 31 मार्च 2028 तक बढ़ा दिया है। इसकी स्थापना 1994 मे राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग अधिनियम, 1993 के तहत हुई थी। 2004 मे इसे गैर-वैधानिक निकाय बना दिया गया और तब से इसका कार्यकाल समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा है। यह आयोग केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।



104. अभी हाल ही मे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने नया आयकर विधेयक 2025 पेश किया है, यह किस आयकर विधेयक को प्रतिस्थापित करेगा

A - आयकर अधिनियम 1959

B - आयकर अधिनियम 1961

C - आयकर अधिनियम 1965

D - आयकर अधिनियम 1971

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 13 फरवरी 2025 को लोकसभा मे आयकर विधेयक, 2025 पेश किया, जो आयकर अधिनियम, 1961 को बदलने के लिए लाया गया है। यह विधेयक कर कानूनों को सरल बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने और कर विवादों को कम करने पर केंद्रित है। विपक्ष के विरोध के बावजूद इसे वॉयस वोट से पेश कर चयन समिति को भेजा गया। विधेयक मे "आकलन वर्ष" और "पिछला वर्ष" को हटाकर "कर वर्ष" अपनाया गया है, जिससे कर प्रक्रिया आसान होगी।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**105. थाईपुसम त्यौहार का आयोजन भारत के किस राज्य मे किया जाता है**

**A - तमिलनाडु** | **B - कर्नाटक**

**C - झारखंड** | **D - छत्तीसगढ़**

11 फरवरी 2025 को तमिलनाडु मे थाईपुसम त्यौहार मनाया गया, जो तमिल हिंदू समुदाय का प्रमुख पर्व है। इसमे भगवान मुरुगन की पूजा की जाती है, जिन्हे शिव और पार्वती का पुत्र कार्तिकेय माना जाता है। यह पर्व तमिल कैलेंडर के "थाई" महीने की पहली पूर्णिमा को पड़ता है और भगवान मुरुगन की राक्षस सुरपदमन पर विजय का प्रतीक है।यह त्यौहार तमिलनाडु के अलावा श्रीलंका, मलेशिया, अमेरिका और थाईलैंड मे बंसे तमिल समुदाय द्वारा भी श्रद्धा से मनाया जाता है।



**106. हाल ही मे रांष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को कौन सा लड़ाकू विमान देने की पेशकश की है ?**

**A - F-22 रैप्टर** | **B - F-35**

**C - मिग-29** | **D - राफेल**

हाल ही मे रांष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को F-35 लड़ाकू विमान की पेशकश की। यह लॉकहीड मार्टिन द्वारा विकसित एक उन्नत बहु-भूमिका लड़ाकू विमान है, जो स्टेल्थ तकनीक से लैस है और रडार पर पकड़ मे नहीं आता। F-35 के तीन संस्करण है—F-35A (सामान्य टेकऑफ और लैंडिंग), F-35B (शॉर्ट टेकऑफ और वर्टिकल लैंडिंग), और F-35C (एयरक्राफ्ट कैरियर आधारित)। इसमे अंत्याधुनिक एवियोनिक्स, संचार प्रणाली और निगरानी क्षमताएँ है, जिससे पायलट को युद्ध मे रंणनीतिक बढ़त मिलती है।



**107. लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक रिपोर्ट 2023 मे भारत कौन-से स्थान पर रहा है ?**

**A - 38वीं** | **B - 39वीं**

**C - 40वीं** | **D - 41वीं**

विश्व बैंक द्वारा जारी लॉजिस्टिक परफॉरमेसं इंडेक्स (एलपीआई) 2023 मे भारत 38वे स्थान पर रहा, जिसमे छह पायदान का सुधार हुआ। अंतर्राष्ट्रीय शिपमेटं श्रेणी मे भारत 22वे स्थान पर रहा, और बंदरगाहों का "टर्नअराउंड टाइम" 0.9 दिन दर्ज किया गया। भारत का लॉजिस्टिक्स बाजार 8.8% वार्षिक वृद्धि के साथ एक वैश्विक लॉजिस्टिक्स हब के रूप मे उंभर रहा है, जबकि इसकी लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी का 13-14% है।



**108. निम्नलिखित मे से कौन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के राजदूत नियुक्त किए गए है ?**

**A - शिखर धवन** | **B - युवराज सिंह**

**C - शाहिद आफरीदी** | **D - क्रिस गेल**

आईसीसी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का राजदूत नियुक्त किया है। उनके साथ पाकिस्तान के सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के शेन वॉटसन भी राजदूत बनाए गए है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक पाकिस्तान और यूएई मे आयोजित होगा। यह चैंपियंस ट्रॉफी का 9वां संस्करण होगा, जिसमे 8 टीमे भाग लेगी। 1998 मे "विल्स इंटरनेशनल कप" के रूप मे शुरू हुआ यह टूर्नामेंट 2000 मे "आईसीसी नॉक-आउट ट्रॉफी" बना और 2002 से "आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी" कहलाने लगा।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**109. राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी (एनएसएसटीए) ने हाल ही मे अपना कौन-सा स्थापना दिवस मनाया ?**

A - 15वां　　B - 16वां

**C - 17वां**　　D - 18वां

राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी (एनएसएसटीए) ने ग्रेटर नोएडा मे अपना 17वां स्थापना दिवस मनाया, जिसका विषय "सांख्यिकीय उत्कृष्टता के माध्यम से शासन को सशक्त बनाना" था। इसका उद्देश्य सांख्यिकीविदों और अधिकारियों को उन्नत कार्यप्रणाली से प्रशिक्षित करना और नीति निर्माण को समर्थन देना है। जनवरी 2009 मे स्थापित एनएसएसटीए, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत कार्य करता है।




**110. भारत की पहली मानव युक्त पनडुब्बी है**

A - गिर्राज 400　　**B - मत्स्य 6000**

C - नैतिक 200　　D - चीता 100

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी), चेन्नई पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत भारत की पहली मानवयुक्त पनडुब्बी 'मत्स्य 6000' विकसित कर रहा है। इसे डीप ओशन मिशन के तहत तैयार किया जा रहा है और 2026 तक पूरा होने की संभावना है। यह पनडुब्बी वैज्ञानिक सेसंरों से लैस होगी और तीन लोगों को 6000 मीटर की गहराई तक ले जाने मे संक्षम होगी। मत्स्य 6000 मे 2.1 मीटर आंतरिक व्यास वाला टाइटेनियम मिश्रधातु से बना पर्सनेल स्फीयर होगा, जिसे इसरो के सहयोग से विकसित किया जा रहा है।




**111. अभी हाल ही मे संबसे प्राचीन जुरासिक पक्षी जीवाश्म कहा मिला है**

**A - चीन**　　B - भारत

C - जापान　　D - दक्षिण अफ्रीका

चीन के फुजियान प्रांत मे जुरासिक युग (लगभग 149 मिलियन वर्ष पूर्व) के दो पक्षी जीवाश्म खोजे गए है, जिनका अध्ययन "नेचर" पत्रिका मे प्रकाशित हुआ है। यह खोज पक्षी विकास से जुड़ी मौजूदा धारणाओं को चुनौती देती है और दर्शाती है कि जुरासिक युग के अंत तक पक्षियों मे विविधता आ चुकी थी। खासतौर पर "Baminornis zhenghensis" की खोज ने साबित किया कि छोटे-पूंछ वाले पक्षी लगभग 20 मिलियन वर्ष पहले ही विकसित हो चुके थे।



**112. मणिपुर मे राष्ट्रपति शासन संविधान के किस अनुच्छेद के तहत लागू किया गया ?**

A - अनुच्छेद 352　　**B - अनुच्छेद 356**

C - अनुच्छेद 370　　D - अनुच्छेद 377

मणिपुर मे मुंख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राजनीतिक अस्थिरता और संवैधानिक तंत्र की विफलता के कारण अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। राज्य मे जातीय हिंसा और कानून-व्यवस्था की समस्याओं के चलते प्रशासन कमजोर हो गया था। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने रिपोर्ट भेजकर सरकार की असमर्थता जताई, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। अनुच्छेद 356 के तहत, यदि किसी राज्य मे संवैधानिक तंत्र विफल होता है, तो केद्रं सरकार वहां राष्ट्रपति शासन लागू कर सकती है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

113. जोथम नापत किस देश के प्रधानमंत्री बने है ?

A - वानुअतु B - तुवालु
C - नोरु D - टोंगा

जोथम नापत वानुअतु के नए प्रधानमंत्री बने है और उन्होंने गठबंधन सरकार बनाई है, जिसमे पाँच प्रमुख राजनीतिक दल शामिल है। वह वानुअतु लीडर्स पार्टी के अध्यक्ष है। वानुअतु दक्षिणी प्रशांत महासागर मे स्थित एक द्वीपीय देश है, जिसमे 83 द्वीप है, जिनमे से 65 पर आबादी रहती है।



114. 24वे दिव्य कला मेले का उद्घाटन कहां हुआ ?

A - श्रीनगर B - गुलशन ग्राउंड, जम्मू
C - नई दिल्ली D - देहरादून

हाल ही मे जम्मू के गुलशन ग्राउंड मे 24वे दिव्य कला मेले का उद्घाटन जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने किया। यह मेला 14 से 24 फरवरी 2025 तक चलेगा और दिव्यांग कारीगरों और उद्यमियों के उत्पादों और कौशल का प्रदर्शन करेगा। मेले मे 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगर और कलाकार भाग लेगें।




115. राज्यों मे पंचायतों को हस्तांतरण की स्थिति रिपोर्ट- 2024 मे शीर्ष स्थान किस राज्य ने प्राप्त किया ?

A - तमिलनाडु B - महाराष्ट्र
C - केरल D - कर्नाटक

केंद्रीय मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने नई दिल्ली मे "राज्यों मे पंचायतों को हस्तांतरण की स्थिति : एक सांकेतिक साक्ष्य-आधारित रैंकिंग, 2024" रिपोर्ट जारी की, जो पंचायतों के हस्तांतरण की स्थिति पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को रैंकिंग प्रदान करती है। रिपोर्ट मे पंचायतों के छह आयामों का मूल्यांकन किया गया है, जिनमे रूपरेखा, कार्य, वित्त, पदाधिकारी, क्षमता वृद्धि और जवाबदेही शामिल है।




116. प्लेटफॉर्म 'MITRA' किसके द्वारा लॉन्च किया गया है ?

A - भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) B - भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (SEBI)
C - वित्त मंत्रालय D - नाबार्ड

SEBI ने MITRA (Mutual Fund Investment Tracing and Retrieval Assistant) नामक प्लेटफॉर्म लॉन्च किया, जो निवेशकों को निष्क्रिय म्यूचुअल फंड फोलियो को ट्रैक और पुनः प्राप्त करने मे मदद करता है। यदि फोलियो मे पिछले 10 वर्षों से कोई लेनदेन नहीं हुआ है लेकिन उसमे यूनिट बैलेसं है, तो उसे निष्क्रिय माना जाएगा। CAMS और KFin Technologies को इस प्लेटफॉर्म का प्रबंधन करने का निर्देश दिया गया है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

117. फॉरवर्ड फास्टर सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2025 किस संगठन द्वारा प्रदान किया गया ?

A - नीति आयोग
B - संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
C - यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया
D - पर्यावरण एवं वन मंत्रालय

भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी, एनटीपीसी लिमिटेड को जल तान्यकशीलता श्रेणी मे फॉरवर्ड फास्टर सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 13 फरवरी को चेन्नई मे आयोजित यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया के समारोह मे दिया गया। एनटीपीसी को यह पुरस्कार उनके रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल सिद्धांतों के माध्यम से पानी के उपयोग मे सुधार की प्रतिबद्धता के लिए मिला।



118. विश्व सरकार शिखर सम्मेलन 2025 का आयोजन कहां शुरू हुआ ?

A - दुबई
B - सिंगापुर
C - हनोई
D - नई दिल्ली

विश्व सरकार शिखर सम्मेलन (WGS) 2025 दुबई मे 11-13 फरवरी को "भविष्य की सरकारों का निर्माण" विषय पर हुआ, जिसमे केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने भारत की हरी विकास और जलवायु लचीलापन की प्रतिबद्धता को साझा किया, खासकर स्वच्छ प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहनों और जलवायु-लचीला बुनियादी ढांचे मे भारत की क्षमता निर्माण पर।




119. अभी हाल ही मे किस देश ने दक्षिण चीन सागर मे गंहरे समुद्री अनुसंधान केद्रं के निर्माण को मंजूरी दी है ?

A - भारत
B - चीन
C - अमेरिका
D - जापान

चीन ने दक्षिण चीन सागर मे "डीप-सी स्पेस स्टेशन" नामक गहरे समुद्री अनुसंधान केद्रं के निर्माण को मंजूरी दी है, जो 2,000 मीटर की गहराई मे स्थित होगा। यह परियोजना 2030 तक चालू होगी, और इसमे छह वैज्ञानिक एक महीने तक अनुसंधान करेंगे। स्टेशन का उद्देश्य कोल्ड सीप इकोसिस्टम, मेथेन प्रवाह, पारिस्थितिक बदलाव और टेक्टोनिक गतिविधियों का अध्ययन करना है। इसमे दीर्घकालिक जीवन समर्थन प्रणाली और चार-आयामी निगरानी नेटवर्क होगा।



120. संवाद संघर्ष निवारण और पर्यावरण चेतना के लिए वैश्विक हिन्दू बौद्ध पहल , का चौथा संस्करण कहां आयोजित किया गया ?

A - थाईलैंड
B - बांग्लादेश
C - श्रीलंका
D - अफगानिस्तान

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने 14 फरवरी 2025 को संवाद- संघर्ष निवारण और पर्यावरण चेतना के लिए वैश्विक हिंदू-बौद्ध पहल के चौथे संस्करण को वस्तुतः संबोधित किया। यह संवाद 14-17 फरवरी 2025 तक थाईलैंड के बैकॉक और अयुत्या मे आयोजित हो रहा है। इस पहल की स्थापना 2015 मे प्रधानमंत्री मोदी और शिंजो आबे ने की थी, जिसका उद्देश्य हिंदू और बौद्ध धर्म की साझा परंपराओं और सहिष्णुता को बढ़ावा देना है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

121. हाल ही मे आदि महोत्सव-2025 का उद्घाटन किसने किया ?

A - प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी
B - उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़
C - राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू
D - गृह मंत्री अमित शाह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आदि महोत्सव-2025 का उद्घाटन किया, जो 16 से 24 फरवरी तक नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम मे आयोजित होगा। यह महोत्सव जनजातीय विरासत, संस्कृति, कला, शिल्प, भोजन और व्यापार का उत्सव है। उद्घाटन समारोह मे विभिन्न राज्यों के आदिवासी कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए।




122. भारतीय लघु उद्योग विकास बैकं (SIDBI) की स्थापना कब हुई थी ?

A - 1985
B - 1990
C - 1995
D - 2000

SIDBI और फ्रांस की AFD ने 100 मिलियन डॉलर की क्रेडिट सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे भारतीय MSME को किफायती वित्तपोषण मिलेगा। यह फंड ऊर्जा-कुशल तकनीकों, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु-अनुकूल व्यावसायिक प्रथाओं मे निवेश के लिए उपलब्ध होगा। SIDBI, 1990 मे स्थापित, MSME के विकास और वित्तीय सहायता के लिए भारत की प्रमुख वित्तीय संस्था है

sidbi

123. माउंट एटना ज्वालामुखी कहां स्थित है ?

A - इटली के सिसिली द्वीप पर
B - हवाई द्वीप पर
C - जापान मे
D - इंडोनेशिया मे

हाल ही मे, यूरोप के सबसे ऊंचे और सक्रिय ज्वालामुखी, माउंट एटना मे एंक शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जो इटली के सिसिली द्वीप के बोका नुओवा क्रेटर के पास 3,050 मीटर की ऊंचाई पर हुआ। विस्फोट के बाद विमानन कलर कोड को ऑरेंज से रेड मे बंदला गया, जिससे इस क्षेत्र मे उड़ाने खतरनाक हो सकती है। विस्फोट के कारणों का अभी तक पता नहीं चला, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है



124. ‘धर्म गार्जियन’ सैन्य अभ्यास किन दो देशों के बीच आयोजित किया जाता है ?

A - जापान और अमेरिका
B - भारत और रूस
C - भारत और जापान
D - भारत और फ्रांस

भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास ‘धर्म गार्जियन’ का छठा संस्करण 25 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक जापान के माउंट फूजी मे होगा। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच सामंजस्य बढ़ाना, युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों का अभ्यास करना और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। यह संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने की तैयारियों को मजबूत करेगा।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**125. केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने किस विषय पर चौथे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन मे भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया ?**

A - आतंकवाद पर काबू पाना
B - नो मनी फॉर टेरर
C - अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा
D - साइबर सुरक्षा

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने 'नो मनी फॉर टेरर' विषय पर चौथे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन मे भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। यह सम्मेलन 2025 मे जर्मनी के म्यूनिख शहर मे आयोजित हुआ, जिसमे 200 से अधिक उच्च-स्तरीय अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल हुए। इसका उद्देश्य आतंकवाद और संगठित अपराध के वित्तपोषण को रोकने मे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना था।



**126. प्रथम आइंस्टीन रिंग की खोज कब हुई थी ?**

A - वर्ष 1987
B - वर्ष 1988
C - वर्ष 1989
D - वर्ष 1999

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेसी (ESA) की यूक्लिड दूरबीन ने पृथ्वी से 590 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर एक दुर्लभ आइंस्टीन रिंग की खोज की है। यह रिंग डार्क मैटर और आकाशगंगाओं के समूह के चारों ओर प्रकाश के विकृत होने से बनती है, जो गुरुत्वाकर्षण लेसिंग के कारण उत्पन्न होती है। पहली आइंस्टीन रिंग 1987 मे खोजी गई थी, और ये रिंग्स अत्यंत दुर्लभ है। हाल ही मे, यह रिंग 4.42 अरब प्रकाश वर्ष दूर एक अनाम आकाशगंगा से उत्पन्न हुई है।



**127. अभी हाल ही मे प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने किस देश के राष्ट्रपति को डोकरा कलाकृति भेटं की ?**

A - फ्रांस के राष्ट्रपति को
B - अमेरिका के राष्ट्रपति को
C - जापान के राष्ट्रपति को
D - कनाडा के राष्ट्रपति को

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को भारतीय वाद्ययंत्र बजाते संगीतकारों की पारंपरिक डोकरा कलाकृति भेटं की, जिसे सोने की धातु से बनाया गया था और पत्थरों से सजाया गया था। साथ ही, उन्होंने फ्रांस की प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों को फूलों और मोर की आकृति वाला चांदी का हाथ से उकेरा हुआ टेबल मिरर भेटं किया। डोकरा शिल्प एक 4000 साल पुरानी छत्तीसगढ़ी धातु-ढलाई तकनीक है



**128. न्यूट्रिनो की सर्वप्रथम खोज किस वर्ष की गई थी ?**

A - वर्ष 2011
B - वर्ष 2010
C - वर्ष 2013
D - वर्ष 2014

सिसिली (इटली) के पास भूमध्य सागर मे वैज्ञानिकों ने KM3NeT प्रोजेक्ट के तहत अत्यधिक ऊर्जावान न्यूट्रिनो कणों की खोज की है। ये कण जिनेवा स्थित लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर द्वारा निर्मित कणों से 10,000 गुना अधिक ऊर्जावान है। वैज्ञानिकों ने इन कणों के उत्पत्ति बिंदु के रूप मे 12 विशालकाय ब्लैक होल की पहचान की है। KM3NeT प्रोजेक्ट मे दो बड़े डिटेक्टर ARCA और ORCA शामिल है



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**129. 8वां हिंद महासागर सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया ?**

**A - ओमान** | B - क़तर

C - सिंगापुर | D - दुबई

भारत फाउंडेशन और ओमान के विदेश मंत्रालय के सहयोग से 8वां हिंद महासागर सम्मेलन 16-17 फरवरी को मस्कट मे आयोजित हुआ। 2016 मे सिंगापुर से शुरू हुए इस सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और SAGAR सिद्धांत के तहत समुद्री साझेदारी को मजबूत करना है। हिंद महासागर व्यापार और सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां विभिन्न देश स्थिरता, आर्थिक सहयोग और समुद्री सुरक्षा पर चर्चा करते है।




**130. ग्रेगोरियन कैलेडंर के अनुसार छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती कब मनाई जाती है ?**

A - 15 फरवरी | B - 26 जनवरी

**C - 19 फरवरी** | D - 6 जून

छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती प्रतिवर्ष 19 फरवरी को मनाई जाती है, जबकि महाराष्ट्र मे हिंदू पंचांग के अनुसार भी इसे मनाने की परंपरा है। उनका जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी किले मे हुआ था। उन्होंने हिंदवी स्वराज्य की स्थापना कर मुगलों, आदिलशाही और कुतुबशाही से संघर्ष कर मराठा साम्राज्य की नींव रखी। 16 वर्ष की उम्र मे तोरणा किला जीतकर उन्होंने अपने सैन्य अभियान की शुरुआत की।



**131. मनु भाकर को किस खेल मे उत्कृष्टता के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड 2024 मिला ?**

A - बैडमिंटन | **B - निशानेबाजी**

C - टेनिस | D - क्रिकेट

ओलंपियन मनु भाकर को बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड 2020 मे बीबीसी इंडिया द्वारा शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य भारतीय महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना है। मनु भाकर का जन्म 18 फरवरी 2002 को हरियाणा मे हुआ और वे 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाज है



**132. अभी हाल ही मे मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) नियुक्त किया गया ?**

A - राजीव कुमार | **B - ज्ञानेश कुमार**

C - विवेक जोशी | D - सुखबीर सिंह संधू

मौजूदा चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) नियुक्त किया गया है। वे नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले CEC है, और उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा। राजीव कुमार के रिटायर होने के बाद उनकी नियुक्ति की गई।प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता मे बैठक हुई, जिसमे गृह मंत्री अमित शाह, विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल थे।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**133. भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) की स्थापना कब हुई थी ?**



A - वर्ष 1940 | B - वर्ष 1944
C - वर्ष 1945 | D - वर्ष 1949

चरनजोत सिंह नंदा भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) के 73वे अध्यक्ष नियुक्त किए गए है। उन्होंने 1991 मे चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप मे करियर शुरू किया और 2004 से ICAI की केंद्रीय परिषद के सदस्य है। वे आंतरिक ऑडिट मानक बोर्ड और प्रबंधन लेखांकन समिति सहित कई महत्वपूर्ण समितियों के अध्यक्ष रह चुके है। इससे पहले वे 2024-25 के लिए ICAI के उपाध्यक्ष थे।

**134. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत कब हुई थी ?**



A - वर्ष 2015 | B - वर्ष 2016
C - वर्ष 2017 | D - वर्ष 2015

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के 9 वर्ष 18 फरवरी 2025 को पूरे हुए। 2016 मे कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई यह योजना राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना का स्थान लेने वाली एक व्यापक योजना है। इसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से फसल नुकसान पर किसानों को बीमा सुरक्षा देना, उनकी आय स्थिर रखना और कृषि ऋण प्रवाह सुनिश्चित करना है।

**135. फगली उत्सव भारत के किस राज्य मे मनाया जाता है**



A - हिमाचल प्रदेश | B - उत्तराखंड
C - उत्तरप्रदेश | D - राजस्थान

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के यांगपा गांव मे पारंपरिक 'फगली' उत्सव मनाया गया, जो शिमला, किन्नौर और कुल्लू जिलों मे प्रसिद्ध है। यह फरवरी या मार्च मे सर्दियों से वसंत के आगमन का प्रतीक है और फाल्गुन माह मे होने के कारण इसे 'फागुली' या 'फाग' भी कहा जाता है। उत्सव मे पुरुष पारंपरिक पोशाक और मुखौटे पहनकर नृत्य करते है। यह देवता और दानव के संघर्ष को दर्शाता है

**136. अभी हाल ही मे मेटा ने दुनिया के सबसे लंबे अंडर सी केबल सिस्टम की शुरुआत किस नाम से की गई है ?**




A - प्रोजेक्ट वाटरवर्थ | B - प्रोजेक्ट अंडरवाटर
C - न्यू इंफो मेटर्स | D - प्रोजेक्ट गहराई

मेटा ने 50,000 किमी लंबे अंडर-सी केबल सिस्टम 'प्रोजेक्ट वाटरवर्थ' की शुरुआत की, जो अमेरिका, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों को जोड़ेगा। यह केबल 7,000 मीटर गहराई तक बिछाई जाएगी और उथले तटीय जल मे सुरक्षा के लिए उन्नत दफन पद्धति का उपयोग किया जाएगा। यह परियोजना तीन नए समुद्री कनेक्टिविटी गलियारों की शुरुआत करेगी, जिससे डिजिटल हाईवे का विस्तार होगा और वैश्विक संचार व्यवस्था मे सुधार आएगा।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**137. अभी हाल ही मे केद्रं सरकार द्वारा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अधिनियम को कब तक जारी रखने की मंजूरी दी है**



**A - वर्ष 2025- 26** | **B - वर्ष 2026-27**
**C - वर्ष 2027- 28** | **D - वर्ष 2028-29**

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (PM-AASHA) योजना, जो 2018 मे शुरू हुई थी, को केद्रं सरकार ने 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का लाभ दिलाना है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय इस योजना को संचालित कर रहा है, जो पूरे देश मे लागू है। PM-AASHA के तहत सरकार तुअर, उड़द और मसूर का 100% खरीदेगी।

**138. अपशिष्ट पुनर्चक्रण और जलवायु परिवर्तन 2025' सम्मेलन का आयोजन किसके द्वारा किया गया था ?**



**A - केद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)** | **B - भारतीय पुनर्चक्रण एवं पर्यावरण उद्योग संघ (REIAI)**
**C - नीति आयोग** | **D - पर्यावरण और वन मंत्रालय**

केद्रीय मंत्री भूपेद्रं यादव ने 'अपशिष्ट पुनर्चक्रण और जलवायु परिवर्तन 2025' सम्मेलन का उद्घाटन किया, जिसका आयोजन REIAI ने किया। भारत मे हर साल 62 मिलियन टन कचरा उत्पन्न होता है, जिसमे प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक और खतरनाक कचरे की मात्रा तेजी से बढ़ रही है। सम्मेलन का उद्देश्य पुनर्चक्रण तकनीकों मे निवेश, उत्पादों के पुनः डिज़ाइन, आपूर्ति श्रृंखला सहयोग और उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने पर था।

**139. भारत मे वित्त आयोग की स्थापना किस अनुच्छेद के तहत की गई है ?**




**A - अनुच्छेद 270** | **B - अनुच्छेद 280**
**C - अनुच्छेद 275** | **D - अनुच्छेद 243**

केद्रं सरकार ने 2024-25 मे पंजाब (225 करोड़), छत्तीसगढ़ (244 करोड़) और उत्तराखंड (93 करोड़) को 15वे वित्त आयोग के तहत अप्रतिबंधित अनुदान जारी किया। यह अनुदान स्थानीय निकायों को उनकी जरूरतों के अनुसार खर्च करने के लिए दिया जाता है और संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची के 29 विषयों के अंतर्गत ग्रामीण विकास मे उपयोग होता है। अनुच्छेद 280 के तहत गठित वित्त आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है

**140. अभी हाल ही मे SBI cards ने अपने नया एम डी किसे नियुक्त किया है ?**

**A - सलिल देशमुख** | **B - सलिला पांडे**
**C - सरिता सिंह** | **D - मोहन यादव**

SBI Cards ने सलिला पांडे को नई MD और CEO नियुक्त किया, जो 1 अप्रैल 2025 से पदभार ग्रहण करेगी। वह अभिजीत चक्रवर्ती का स्थान लेगी, जो 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे है। वर्तमान मे, वह SBI मे मुख्य महाप्रबंधक है और SBI सिंगापुर, दिल्ली, और कैलिफोर्निया मे विभिन्न वरिष्ठ पदों पर रह चुकी है। कंपनी ने FY 2024-25 के लिए ₹2.50 प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश घोषित किया, जिसकी रिकॉर्ड तिथि 25 फरवरी और भुगतान तिथि 18 मार्च 2025 है।

VISIT OUR WEBSITE


Todaysprint.com

**141. विश्व सामाजिक न्याय दिवस कब मनाया जाता है ?**

**A - 20 फरवरी** B - 22 फरवरी

C - 18 फरवरी D - 21 फरवरी

विश्व सामाजिक न्याय दिवस हर साल 20 फरवरी को निष्पक्षता, समानता और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 1995 के कोपेनहेगन शिखर सम्मेलन से हुई और 2007 मे UNGA ने इसे आधिकारिक रूप से मान्यता दी, पहली बार 2009 मे मनाया गया। 2025 की थीम "न्यायसंगत परिवर्तन को मजबूत बनाना, एक स्थायी भविष्य के लिए" है




**142. फरवरी 2025 मे किस राज्य मे केद्रं सरकार द्वारा राष्ट्रपति शासन लगाया गया था ?**

**A - मणिपुर** B - मेघालय

C - त्रिपुरा D - दिल्ली

मणिपुर मे 13 फरवरी 2025 को अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लागू किया गया, मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के 9 फरवरी को इस्तीफे के बाद। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की रिपोर्ट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संवैधानिक तंत्र की विफलता का हवाला देते हुए यह फैसला लिया, जिससे मणिपुर विधानसभा निलंबित हो गई। यह मणिपुर मे 11वीं बार राष्ट्रपति शासन लागू हुआ।



**143. 2025 दिल्ली ओपन एटीपी चैलेंजर टेनिस प्रतियोगिता का पुरुष एकल खिताब किसने जीता ?**

**A - किरियन जैक्वेट** B - हसी दोहित

C - मिचेल स्टार्क D - गैलन मस्कट

फ्रांस के किरियन जैक्वेट ने 2025 दिल्ली ओपन एटीपी चैलेंजर फाइनल मे ग्रेट ब्रिटेन के बिली हैरिस को 6-4, 6-2 से हराकर खिताब जीता। यह उनका चेन्नई ओपन के बाद लगातार दूसरा खिताब था। दिल्ली ओपन, $1,00,000 की एटीपी 75 चैलेंजर प्रतियोगिता, 10-16 फरवरी 2025 तक नई दिल्ली मे हुई। जैक्वेट को 75 रैंकिंग अंक और $14,200, जबकि उपविजेता हैरिस को 44 अंक और $8,330 मिले।




**144. भारत के पहले ओपन एयर आर्ट वॉल संग्रहालय का उद्घाटन किस शहर मे किया गया है ?**

**A - नई दिल्ली** B - बेंगलुरु

C - चेन्नई D - जयपुर

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वे वर्ष के उपलक्ष्य मे 18 फरवरी 2025 को नई दिल्ली के मौसम भवन मे भारत के पहले "ओपन एयर आर्ट वॉल संग्रहालय" का उद्घाटन किया गया। यह आईएमडी के मुख्यालय की इमारत है, जिसकी स्थापना 15 जनवरी 1875 को हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 जनवरी 2025 को आईएमडी के 150वे स्थापना दिवस पर "मिशन मौसम" की शुरुआत की।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**145. अभी हाल ही मे कौनसा राज्य ड्रग्स कंट्रोल विभाग पहल शुरू करने जा रहा है ?**

A - केरल
B - तमिलनाडु
C - छत्तीसगढ़
D - उत्तरप्रदेश


केरल ड्रग्स कंट्रोल विभाग ने 'nPROUD' पहल शुरू की है, जिससे घरेलू स्तर पर एक्सपायर्ड और अनुपयोगी दवाओं का वैज्ञानिक रूप से निपटान किया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट कोझिकोड और उल्लियरी पंचायत मे शुरू होगा, फिर इसे पूरे राज्य मे लागू किया जाएगा। पहले चरण मे अधिकारी घर-घर जाकर दवाएँ एकत्र करेगें, दूसरे चरण मे सार्वजनिक स्थानों पर विशेष नीले डस्टबिन लगाए जाएंगे, और तीसरे चरण मे हरिता कर्म सेना और स्थानीय संस्थाएँ सहयोग करेगी।




**146. अरुणाचल प्रदेश का स्थापना दिवस कब मनाया गया ?**

A - 19 फरवरी
B - 20 फरवरी
C - 21 फरवरी
D - 22 फरवरी

20 फरवरी को मिज़ोरम और अरुणाचल प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। मिज़ोरम 20 फरवरी 1987 को भारत का 23वां राज्य बना, इसकी राजधानी आइज़ोल है, और प्रमुख भाषाएँ मिज़ो व अंग्रेज़ी है। अरुणाचल प्रदेश, जिसे पहले NEFA कहा जाता था, इसी दिन 1987 मे भारत का 24वां राज्य बना, इसकी राजधानी ईटानगर है




**147. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का 22वां स्थापना दिवस कब मनाया गया ?**

A - 18 फरवरी
B - 19 फरवरी
C - 20 फरवरी
D - 21 फरवरी

19 फरवरी को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का 22वां स्थापना दिवस मनाया गया। यह संवैधानिक निकाय 19 फरवरी 2004 को 89वे संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के तहत स्थापित हुआ था और इसे अनुच्छेद 338-A के तहत अधिकार प्राप्त है। आयोग मे एक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और तीन सदस्य होते है, जिन्हे राष्ट्रपति नियुक्त करते है।



**148. इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ एड्स टू मरीन नेविगेशन (IALA) की पहली आम सभा कहां आयोजित की गई ?**

A - भारत
B - फ्रांस
C - सिंगापुर
D - जापान

भारत को सिंगापुर मे आयोजित IALA की पहली आम सभा (18-21 फरवरी 2025) मे उपाध्यक्ष चुना गया। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के सचिव टी.के. रामचंद्रन ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। यह आयोजन IALA के NGO से IGO मे परिवर्तन को दर्शाता है। भारत दिसंबर 2025 मे IALA परिषद और सितंबर 2027 मे मुंबई मे IALA सम्मेलन की मेजबानी करेगा।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**149. हाल ही मे ट्रांसजेडंरों का पहला अखिल भारतीय सम्मेलन कहां आयोजित किया गया ?**

A - वाराणसी　　B - उज्जैन

**C - अजमेर**　　D - जयपुर

अजमेर, राजस्थान मे ट्रांसजेडंर समुदाय का पहला अखिल भारतीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसे गद्दीपति सलोनी नायक ने अपनी गुरु अनिता बाई की स्मृति मे आयोजित किया। इस दस दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य ट्रांसजेडंर समुदाय की सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करना था।



**150. अभी हाल ही मे किस संस्था के द्वारा 'वन मैन ऑफिस' ऑनलाइन सेवा शुरू की है ?**

**A - LIC के द्वारा**　　B - नाबार्ड के द्वारा

C - NBFC के द्वारा　　D - SBI के द्वारा

भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने 17 फरवरी 2025 को 'वन मैन ऑफिस' (OMO) डिजिटल पहल लॉन्च की, जिसका लक्ष्य 2047 तक 'सबके लिए बीमा' को साकार करना है। यह एजेटों को 24×7 डिजिटल सेवाएं देकर पॉलिसी बिक्री, ग्राहक सेवा और व्यवसाय प्रबंधन को आसान बनाएगा। OMO एक मोबाइल डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसमे डिजिटल पॉलिसी बिक्री, प्रीमियम गणना, दावा प्रक्रिया, और नवीनीकरण भुगतान जैसी सेवाएं शामिल है।

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**151. देश का पहला वर्टिकल बाय-फेशियल और संयंत्र भारत के किस शहर मे स्थापित किया गया है ?**

**A - नई दिल्ली**　　B - जयपुर

C - भोपाल　　D - गुरुग्राम

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (DMRC) ने ओखला विहार मेट्रो स्टेशन पर देश के पहले वर्टिकल बाय-फेशियल सौर संयंत्र का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 50 किलोवाट क्षमता वाले इस संयंत्र और खैबर पास मेट्रो डिपो मे 1 मेगावाट की रूफटॉप सौर स्थापना का उद्घाटन किया। वर्टिकल बाय-फेशियल तकनीक दोनों तरफ से सूर्य की रोशनी ग्रहण कर ऊर्जा उत्पादन बढ़ाती है।



**152. दूसरा अखिल भारतीय राज्य जल मंत्री सम्मेलन कहां आयोजित किया गया था ?**

**A - उदयपुर**　　B - जयपुर

C - बंगलुरु　　D - नई दिल्ली

दूसरा अखिल भारतीय राज्य जल मंत्रियों का सम्मेलन 18-19 फरवरी 2025 को उदयपुर, राजस्थान मे आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य "भारत@2047 – एक जल सुरक्षित राष्ट्र" थीम के तहत जल सुरक्षा रणनीति को मजबूत करना था। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित 30 मंत्रियों व 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

153. पक्षी गणना वर्ष 2025 मे भारत मे सबसे अधिक पक्षी प्रजातियों के आधार पर अव्वल राज्य कौनसा रहा ?

A - पश्चिम बंगाल B - उत्तराखण्ड

C - असम D - महाराष्ट्र

ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट (GBBC) 2025, 14-17 फरवरी को आयोजित हुआ, जिसमे भारत मे 1068 पक्षी प्रजातियाँ दर्ज की गईं। पश्चिम बंगाल ने 543 प्रजातियों के साथ लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य मे 1909 चेकलिस्ट अपलोड हुईं, जिसमे दार्जिलिंग मे सर्वाधिक 252 प्रजातियाँ दर्ज की गईं और दक्षिण 24 परगना से सबसे अधिक 513 चेकलिस्ट सबमिट हुईं।



154. नागरिक उड्डयन क्षेत्र मे पायलटों के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस (EPL) शुरू करने वाला दुनिया का दूसरा देश कौनसा है ?

A - चीन B - भारत

C - अमेरिका D - कनाडा

भारत पायलटों के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस (EPL) शुरू करने वाला चीन के बाद दुनिया का दूसरा देश बना। इसकी घोषणा 20 फरवरी 2025 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने नई दिल्ली मे की। नई दिल्ली के सफदरजंग हवाई अड्डे स्थित 'उड़ान भवन' मे DGCA, BCAS, AAIB और AERA जैसे नागरिक उड्डयन नियामक निकायों के मुख्यालय है।



155. सोल लीडरशिप सम्मेलन 2025 के पहले संस्करण का उद्घाटन किसने किया ?

A - प्रधानमंत्री - नरेन्द्र मोदी B - गृह मंत्री - अमित शाह

C - वित्त मंत्री - निर्मला सीतारमण D - निम्न मे से कोई नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21 फरवरी 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम मे पहले सोल लीडरशिप सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह दो दिवसीय सम्मेलन (21-22 फरवरी) नेतृत्व संवाद को बढ़ावा देने के लिए आयोजित हुआ। भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग टोबगे ने मुख्य भाषण दिया। पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सक्षम नेतृत्व की आवश्यकता पर जोर दिया।



156. केंद्रीय वित्त मंत्रालय के पहले मुख्य आर्थिक सलाहकार कौन थे ?

A - जे. जे. अंजारिया B - सुनील मेहता

C - शुचि त्यागी D - राहुल प्रकाश

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (CEA) वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल बढ़ाकर 31 मार्च 2027 तक किया गया। वे जनवरी 2022 मे के. वी. सुब्रमण्यम के स्थान पर नियुक्त हुए थे। CEA वित्त मंत्रालय के आर्थिक प्रभाग के प्रमुख होते है और घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक रुझानों पर नजर रखते है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**157. अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 21 फरवरी  B - 23 फरवरी
C - 20 फरवरी  D - 15 फरवरी


अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हर साल 21 फरवरी को भाषाई संरक्षण और बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। 2025 की थीम "अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का सिल्वर जुबली समारोह" है, क्योंकि इसकी 25वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इस दिवस की नींव बांग्लादेश के 1952 के भाषा आंदोलन से जुड़ी है, जब बांग्ला को आधिकारिक भाषा बनाने के संघर्ष मे कंई छात्रों की मृत्यु हुई थी।




**158. 98 वां अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन कहाँ आयोजित किया जा रहा है ?**

A - नागपुर  B - जयपुर
C - दिल्ली  D - अहमदाबाद

98वां अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन 21-23 फरवरी 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली मे आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। 71 वर्षों बाद यह सम्मेलन दिल्ली मे हुआ, जो मराठी भाषा की समृद्ध परंपरा को दर्शाता है। इसमे पैनल चर्चाएँ, पुस्तक प्रदर्शनियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और साहित्यकारों के संवाद सत्र शामिल है।



**159. अली ऐ लिगांग त्यौहार किस जनजाति द्वारा मनाया जाता है ?**

A - बोडो  B - मिसिंग
C - मीणा  D - भील

असम की मिसिंग जनजाति ने हाल ही मे जोरहाट के शंकरपुर मे अली ऐ लिगांग त्योहार मनाया, जो फसलों की पहली बुवाई का प्रतीक है। यह त्योहार हर साल फरवरी-मार्च मे 'गिनमुर पोलो' महीने के पहले बुधवार को मनाया जाता है। अली ऐ लिगांग कृषि और प्रकृति के प्रति मिसिंग जनजाति की आस्था को दर्शाता है। इस दिन पारंपरिक नृत्य-गीत होते है, जो समुदाय की एकता और समृद्धि का प्रतीक है।



**160. टाइम मैगजीन की "वर्ष की महिला" 2025 की सूची मे किस भारतीय महिला को शामिल किया गया है -**

A - डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन  B - निर्मला देवी
C - अमृता देवी विश्नोई  D - सुस्मिता सेन

असम की वन्यजीव जीवविज्ञानी डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन को टाइम मैगज़ीन "वर्ष की महिला" 2025 की सूची मे शामिल किया गया है। वे दुनियाभर की 13 प्रमुख महिलाओं मे से एक है, जिन्होंने महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान मे योगदान दिया है। डॉ. बर्मन को हरगिला (ग्रेटर एड्जुटेंट स्टॉर्क) और उसके आद्रभूमि आवास के संरक्षण के लिए पहचाना गया है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

161. स्वामी दयानंद सरस्वती का मूल नाम क्या था ?

A - मूल शंकर
B - सत्य प्रकाश
C - रामचंद्र
D - सरस्वती


स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती 23 फरवरी को मनाई गई, जो उनके सामाजिक सुधारों और वैदिक परंपराओं के पुनर्जागरण को सम्मान देने का अवसर है। उनका जन्म 12 फरवरी 1824 को गुजरात के टंकारा मे हुआ था। 1875 मे उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की और 'वेदों की ओर लौटो' का संदेश दिया। उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा, जातिवाद और मूर्ति पूजा का विरोध किया तथा स्त्री शिक्षा और समानता का समर्थन किया।



162. हाल ही मे पंश्चिम क्षेत्रीय परिषद की 27 वीं बैठक कहाँ आयोजित की गयी ?

A - पुणे
B - जयपुर
C - अहमदाबाद
D - मुम्बई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 22 फरवरी 2025 को पुणे मे पंश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की, जिसमे गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा व नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के मुख्यमंत्री व अधिकारी शामिल हुए। क्षेत्रीय परिषदे राज्यों और केद्रं के बीच आपसी मुद्दों पर चर्चा के लिए गठित सलाहकारी निकाय है



163. अस्कोट - आराकोट यात्रा अभियान की शुरुआत कब हुई ?

A - वर्ष 1973
B - वर्ष 1974
C - वर्ष 1975
D - वर्ष 1977

उत्तराखंड मे अंस्कोट से आराकोट तक आयोजित होने वाली यह यात्रा प्रत्येक 10 वर्ष मे होती है, जिसकी शुरुआत 25 मई 1974 को हुई थी। इसे शिक्षाविद शेखर पाठक के संगठन 'पहाड़' द्वारा आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य उत्तराखंड की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिति का अध्ययन करना है। 2024 मे यात्रा के 50 वर्ष पूरे हुए और यह छठवीं बार आयोजित हुई।



164. 'अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी' का आयोजन भारत के किस शहर मे होगा ?

A - दिल्ली
B - ग्वालियर
C - हैदराबाद
D - पटना

हैदराबाद मे श्रीष्टि आर्ट गैलरी और गोएथे-ज़ेन्ट्रम हैदराबाद मिलकर अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी "टोपोग्राफ़ीज़ ऑफ़ टेट्ंस, टेराकोटा एंड टाइम" प्रस्तुत कर रहे है। यह प्रदर्शनी पहचान, विस्थापन और परिवर्तन जैसे विषयों की खोज करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के कार्यों को प्रदर्शित करेगी। मैथ्यू पैट्रिक द्वारा क्यूरेट की गई इस प्रदर्शनी मे वेनेजुएला/जर्मनी के अर्नाल्डो ड्रेस गोंजालवेज़, भारत के सुधाकर चिप्पा और जर्मनी के स्वेन कुल्टर की कृतियाँ शामिल है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

165. भारत का पहला वन्यजीव बायोबैकं कहाँ पर खोला गया है ?

A - दार्जीलिंग    B - देहरादून
C - जैसलमेर    D - बैगंलोर


भारत ने दार्जिलिंग स्थित पद्मजा नायडू हिमालयन प्राणी उद्यान (PNHZP) मे देश के पहले चिड़ियाघर-आधारित बायोबैकं की स्थापना की, जो संकटग्रस्त प्रजातियों के DNA, कोशिकाओं और ऊतकों को क्रायोजेनिक विधि से -196°C पर संरक्षित करेगा। यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से संचालित हो रहा है और भविष्य मे प्रजातियों के पुनर्जीवन व अनुसंधान मे सहायक होगा।



166. भारत मे किस राज्य मे गिद्धों की संख्या सबसे अधिक है -

A - मध्यप्रदेश    B - हिमाचल प्रदेश
C - गुजरात    D - छत्तीसगढ़

मध्यप्रदेश मे 2025 की गिद्ध गणना के पहले चरण मे 12,981 गिद्ध दर्ज किए गए, जो 2022 की 10,845 की संख्या से अधिक है। यह गणना 17-19 फरवरी 2025 को मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा की गई।



167. वर्ष 2025 मे किस देश को बंगाल की खाड़ी कार्यक्रम अंतर सरकारी संगठन का अध्यक्ष चुना गया है ?

A - भारत    B - बांग्लादेश
C - म्यांमार    D - थाईलैडं

भारत ने बंगाल की खाड़ी (BOB) कार्यक्रम अंतर-सरकारी संगठन की अध्यक्षता बांग्लादेश से ग्रहण की। माले, मालदीव मे 20-22 फरवरी 2025 को हुई 13वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक मे भारत के मत्स्य पालन विभाग के सचिव, डॉ. अभिलक्ष लिखी ने यह पद संभाला। संगठन की स्थापना 2003 मे हुई थी और इसका मुख्यालय चेन्नई, भारत मे है।



168. भारत का पहला वह एयरपोर्ट जिसे हाल ही मे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ?

A - मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा    B - सांगानेर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
C - ग्वालियर का हवाई अड्डा    D - चेन्नई एयरपोर्ट

मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट (GOX), जिसे GMR गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (GGIAL) द्वारा संचालित किया जाता है, भारत का पहला एयरपोर्ट बना जिसे NSCI सेफ्टी अवॉर्ड्स 2024 मे सर्विस सेक्टर के तहत गोल्डन ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जनवरी 2025 मे मुंबई मे प्रदान किया गया। भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSCI), जो श्रम मंत्रालय के तहत कार्यरत है




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**169. केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस कब मनाया जाता है ?**

**A - 24 फरवरी** B - 25 फरवरी

C - 21 फरवरी D - 16 फरवरी


भारत मे 24 फरवरी को केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के योगदान को सम्मानित करना और करदाताओं को कर प्रणाली के प्रति जागरूक करना है। यह दिन केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं नमक अधिनियम-1944 की वर्षगांठ पर मनाया जाता है। केंद्रीय उत्पाद शुल्क, जिसे एक्साइज ड्यूटी भी कहा जाता है, भारत मे अप्रत्यक्ष कर संग्रहण का एक महत्वपूर्ण साधन है।

**170. कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) की स्थापना कब हुई थी -**

**A - 1952** B - 1965

C - 1971 D - 1983

डॉ. मनसुख मांडविया ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) के स्थापना दिवस पर दो दिवसीय क्षेत्रीय संवाद का शुभारंभ किया। इस आयोजन मे अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के महानिदेशक श्री गिल्बर्ट एफ हुंगबो मुख्य वक्ता के रूप मे उपस्थित रहे। यह संवाद श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और ESIC द्वारा ILO के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमे उद्योग परिसंघ और भारतीय नियोक्ता संघ का समर्थन था।




**171. भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) को और किस नाम से जाना जाता है ?**

A - कृषि संस्थान B - कुशीनगर संस्थान

**C - पूसा संस्थान** D - मगध संस्थान

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने "पूसा कृषि विज्ञान मेला-2025" का उद्घाटन किया। यह मेला भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI), नई दिल्ली मे 22 से 24 फरवरी 2025 तक आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम "उन्नत कृषि - विकसित भारत" थी।




**172. नयनामृतम 2.0 किस राज्य सरकार की पहल है ?**

A - महाराष्ट्र **B - केरल**

C - राजस्थान D - छत्तीसगढ़

केरल सरकार ने AI सहायता प्राप्त क्रॉनिक नेत्र रोग स्क्रीनिंग कार्यक्रम 'नयनामृतम' 2.0 लॉन्च किया है। इस पहल के माध्यम से, राज्यभर मे लोगों को उन्नत नेत्र जांच की सुविधा मिल सकेगी। नयनामृतम 2.0 का उद्देश्य गंभीर नेत्र रोगों का प्रारंभिक चरण मे पता लगाना है, और यह दुनिया का पहला सरकारी AI संचालित नेत्र जांच कार्यक्रम है, जिसे रेमिडियो हेल्थ टेक कंपनी के सहयोग से शुरू किया गया है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**173. हाल ही मे आई एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 मे किस देश की कंपनियों द्वारा प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) के माध्यम से सबसे अधिक धन जुटाया गया ?**




A - अमेरिका    **B - भारत**

C - जापान    D - चीन

इंडस वैली रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत 2024 मे IPO के मामले मे वैश्विक नेता के रूप मे उभरा है, जिसमे भारतीय कंपनियों ने 19.5 बिलियन डॉलर जुटाए, जो वैश्विक IPO धन का 23% है। यह रिपोर्ट ब्लूम बेचंर्स एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई है। 2024 मे भारत मे कुल 268 IPO आए, जिनमे से 90 मुख्य बोर्ड पर और 178 छोटे और मध्यम उद्यमों (SME) खंड पर सूचीबद्ध हुए।

**174. अभी हाल ही मे प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन कहाँ किया ?**



A - जयपुर    B - इंदौर

**C - भोपाल**    D - नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने भोपाल मे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का उद्घाटन किया, जिसमे 18 नई औद्योगिक नीतियों की घोषणा की गई। इस समिट का उद्देश्य मध्यप्रदेश को औद्योगिक और निवेश हब मे बदलना है। समिट मे प्रमुख उद्योगपतियों और वैश्विक निवेशकों की भागीदारी रही, और भारत की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, विशेषकर एयरोस्पेस क्षेत्र मे, भूमिका को प्रमुखता दी गई।

**175. सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन' किन देशों के बीच आयोजित किया जाता है ?**



A - भारत व नेपाल    B - भारत व अमेरिका

C - भारत व श्रीलंका    **D - भारत व जापान**

भारतीय सेना की एक टुकड़ी जापान के पूर्वी फुजी युद्धाभ्यास क्षेत्र मे आयोजित "धर्म गार्डियन" सैन्य अभ्यास के छठे संस्करण मे भाग लेने के लिए जापान रवाना हुई है। यह वार्षिक अभ्यास भारत और जापान के बीच होता है और बारी-बारी से दोनों देशों मे आयोजित किया जाता है। इस अभ्यास मे भारतीय सेना की 120 सैनिकों की टुकड़ी, जिसमे मंद्रास रेजीमेटं के सैनिक शामिल है

**176. युगांडा इंटरनेशनल चैलेजं 2025 बैडमिंटन चैपिंयनशिप का पुरुष एकल खिताब किसने जीता ?**



**A - मनराज सिंह**    B - इशिका जायसवाल

C - लॉरेन लैम    D - अमान मोहम्मद

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने युगांडा इंटरनेशनल चैलेजं 2025 बैडमिंटन चैपिंयनशिप मे तीन खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। यह चैपिंयनशिप 19-23 फरवरी 2025 तक युगांडा की राजधानी कंपाला के लुगोगो इंडोर एरिना मे आयोजित की गई थी। भारत ने पुरुष एकल, मिश्रित युगल और पुरुष युगल मे खिताब जीते।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

177. निम्नलिखित मे से किसने वित्तीय साक्षरता सप्ताह लॉन्च किया ?

A - भारतीय रिज़र्व बैकं
B - पंचायती राज मंत्रालय
C - गृह मंत्रालय
D - वित्त मंत्रालय

भारतीय रिज़र्व बैकं (RBI) ने 24-28 फरवरी 2025 तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह आयोजित किया, जिसका विषय "वित्तीय साक्षरता महिला समृद्धि" है। इसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और वित्तीय जोखिमों के प्रति जागरूक करना है। इस पहल के तहत, बैकों को अपनी वेबसाइटों, ATM, मोबाइल ऐप और शाखाओं मे RBI के पोस्टर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है।




178. आई.एस.एल विजेता शील्ड का विजेता कौनसे टूर्नामेटं के लिए क्वालीफाई करता है ?

A - ओलंपिक खेल
B - फीफा विश्वकप
C - AFC चैंपियंस लीग – 2
D - उपरोक्त मे से कोई नहीं

मोहन बागान सुपर जाईंट ने ओडिशा एफसी को 1-0 से हराकर अपना दूसरा इंडियन सुपर लीग (ISL) विजेता शील्ड खिताब जीता। यह मुकाबला कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीरांगन स्टेडियम मे हुआ। मोहन बागान लगातार दूसरी बार यह खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी और AFC चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर लिया।



179. माउंट डुकोनो ज्वालामुखी कहां स्थित है ?

A - दक्षिण अफ्रीका
B - इंडोनेशिया
C - फिलीपींस
D - ग्वाटेमाला

इंडोनेशिया के उत्तरी मालुकु प्रांत मे स्थित डुकोनो ज्वालामुखी मे हांल ही मे विस्फोट हुआ, जिसके बाद ऑरेंज स्तर की ज्वालामुखी चेतावनी जारी की गई। इसके तहत 5 किमी से नीचे विमानों की उड़ान प्रतिबंधित कर दी गई है। माउंट डुकोनो, हलमाहेरा द्वीप पर स्थित है और 1933 से लगातार सक्रिय है। यह इंडोनेशिया के 127 सक्रिय ज्वालामुखियों मे से एक है।



180. राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार किन मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाता है ?

A - स्वास्थ्य मंत्रालय
B - आयुष मंत्रालय
C - गृह मंत्रालय
D - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने वर्ष 2025 के लिए तीन प्रतिष्ठित चिकित्सकों को राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार से सम्मानित किया। मुंबई मे आयोजित समारोह मे आयुष मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने यह पुरस्कार प्रदान किए। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा वाली ट्रॉफी और ₹5 लाख नकद पुरस्कार मिला।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

181. प्रोफेशनल स्क्वेश एसोसिएशन का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

A - इंग्लैडं
B - अमेरिका
C - भारत
D - चीन

भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने 2025 सिडनी क्लासिक स्क्वैश खिताब जीतकर अपनी अंतरराष्ट्रीय संन्यास वापसी को सफल बनाया। उन्होंने फाइनल मे मिस्र के अब्देल रहमान नासर को हराकर अपना 11वां PSA खिताब जीता। यह टूर्नामेटं 19-23 फरवरी 2025 तक सिडनी, ऑस्ट्रेलिया मे आयोजित हुआ और इसकी पुरस्कार राशि $6000 थी।



182. संयुक्त राष्ट्र महिला शांति सैनिकों के लिए पहला सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया ?

A - नई दिल्ली
B - शंघाई
C - लंदन
D - टोक्यो


संयुक्त राष्ट्र की महिला शांति सैनिकों के लिए पहला सम्मेलन 24-25 फरवरी 2025 को नई दिल्ली मे आयोजित हुआ, जिसमे 35 देशों ने भाग लिया। इसका आयोजन विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और भारतीय सेना के संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केद्रं (CUNPK) ने किया। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों मे दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता देश है, और 2024 मे इंसमे सबसे बड़ी महिला टुकड़ी (176 सैनिक) थी।




183. कार्बन बाजार का पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'प्रकृति' कहाँ आयोजित किया गया ?

A - बैगंलोर
B - नई दिल्ली
C - भोपाल
D - जयपुर

कार्बन बाजार पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "प्रकृति" 24-25 फरवरी 2025 को नई दिल्ली मे आयोजित हुआ, जिसमे नीति निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं ने भारतीय कार्बन बाजार की कार्यप्रणाली और विकास रणनीतियों पर चर्चा की। यह आयोजन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा किया गया और उद्घाटन केद्रींय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया।



184. 14 वे, एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप मे पुरुषों का खिताब किसने जीता है ?

A - शाहीन शाहि
B - आमिर सरकोश
C - नीरज चोपड़ा
D - पंकज आडवाणी

भारत के दिग्गज क्यूइस्ट पंकज आडवाणी ने 2025 एशियाई स्नूकर चैपिंयनशिप का खिताब जीतते हुए ईरान के आमिर सरकोश को 4-1 से हराया। यह चैपिंयनशिप 15-21 फरवरी 2025 को कतर के दोहा मे आयोजित हुई, जिसमे आडवाणी ने अपना 14वां एशियाई खिताब हासिल किया। सेमीफाइनल मे उन्होंने हांगकांग चीन के चांग भू किड को हराया था। आडवाणी दो बार एशियाई खेलों मे स्वंर्ण पदक जीत चुके है



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

185. सरस आजीविका मेला - 2025 का आयोजन कब से कब तक किया जा रहा है ?

A - 21 फरवरी से 10 मार्च
B - 21 फरवरी से 6 मार्च
C - 26 फरवरी से 9 मार्च
D - 27 फरवरी से 6 मार्च

सरस आजीविका मेला - 2025 का आयोजन 21 फरवरी से 10 मार्च तक नोएडा के शिल्प हाट मे किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाना है। यह मेला 'वोकल फॉर लोकल' और 'विकसित भारत 2047' विजन को आगे बढ़ा रहा है। इसका पाँचवां संस्करण ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है



186. मायाधर राउत किस शास्त्रीय नृत्य के महान आचार्य थे ?

A - कथक
B - कुचिपुड़ी
C - ओडिसी
D - भरतनाट्यम

ओडिसी नर्तक मायाधर राउत का 22 फरवरी 2025 को दिल्ली मे 92 वर्ष की आयु मे निधन हो गया। जन्म 6 जुलाई 1933 को ओडिशा मे हुआ, उन्होंने 7 वर्ष की उम्र मे गोटीपुआ नृत्य का प्रशिक्षण शुरू किया और ओडिसी नृत्य के जनक माने जाते है। उन्होंने 1952 मे 'कला विकास केंद्र' और 1959 मे 'जयंतिका संघ' की स्थापना कर ओडिसी के पुनरुद्धार मे अहम भूमिका निभाई।



187. वीर सावरकर की पुण्य तिथि कब मनाई जाती है ?

A - 16 अगस्त
B - 26 जनवरी
C - 26 फरवरी
D - 6 मार्च


वीर सावरकर, यानी विनायक दामोदर सावरकर, का जन्म 28 मई 1883 को नासिक के भगुर गांव मे हुआ था। उनकी माता का निधन तब हुआ जब वे केवल 9 वर्ष के थे। स्वतंत्रता संग्राम मे सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्होंने 'मित्र मेला' नामक गुप्त सोसायटी बनाई और 1905 मे बंग-भंग के विरोध मे विदेशी वस्त्रों की होली जलाई।



188. हाल ही मे किसे ब्रिटेन का प्रतिष्ठित "नाइटहुड" सम्मान प्राप्त हुआ ?

A - गौतम अडानी
B - अमन गुप्ता
C - सुधा मूर्ति
D - सुनील भारती मित्तल

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को हाल ही मे "नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर" (KBE) का प्रतीक चिन्ह मिला। यह सम्मान ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने नई दिल्ली मे किंग चार्ल्स-III की ओर से प्रदान किया। यह ब्रिटेन के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों मे से एक है, जो कला, विज्ञान, सार्वजनिक या सैन्य सेवाओं मे असाधारण योगदान देने वालों को दिया जाता है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**189. अभी हाल ही मे जर्मनी के नए चांसलर बने है ?**

**A - फ्रेडरिक मर्ज़** B - बेजंमिन रूसा

C - निकोलस गेल D - बिन फ्रेकंलिन

फ्रेडरिक मर्ज़ ने CDU-CSU गठबंधन के साथ जर्मनी के संघीय चुनाव जीते और अगले चांसलर बनने जा रहे है। 69 वर्षीय मर्ज़ 1949 के बाद सबसे उम्रदराज़ चांसलर होंगे, जो रूढ़िवादी नेतृत्व की वापसी का संकेत देता है। उनका राजनीतिक सफर 1989 मे यूरोपीय संसद से शुरू हुआ, 1994 मे बुंडेस्टाग पहुंचे और 2022 मे CDU का नेतृत्व संभाला। वे आर्थिक उदारवाद और सख्त आप्रवासन नीतियों के समर्थक है।



**190. किस राज्य सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए शिक्षा संजीवनी बीमा योजना नामक एक दुर्घटना बीमा योजना शुरू की है ?**

A - उत्तरप्रदेश **B - राजस्थान**

C - मध्यप्रदेश D - हरियाणा

राजस्थान सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए शिक्षा संजीवनी बीमा योजना शुरू की है, जो राज्य मे अपनी तरह की पहली पहल है। यह योजना सरकारी स्कूलों मे नामांकित छात्रों और उनके अभिभावकों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवरेज प्रदान करेगी। शुरुआत मे इसे उदयपुर संभाग के स्कूलों मे लागू किया जाएगा। योजना के तहत छात्रों को 1 लाख रुपये और उनके अभिभावकों को 1.35 लाख रुपये तक का बीमा मिलेगा।



**191. भारत मे एंकीकृत परीक्षण रेजं कहाँ स्थित है, जहाँ मिसाइल परीक्षण होते है ?**

A - जैसलमेर (राजस्थान) B - कुरुक्षेत्र (हरियाणा)

**C - चांदीपुर (ओडिशा)** D - नागपुर (महाराष्ट्र)

भारतीय नौसेना ने 25 फरवरी 2025 को DRDO के सहयोग से स्वदेशी नौसेना एंटी-शिप मिसाइल - शॉर्ट रेंज (NASM-SR) का ओडिशा के चांदीपुर से सफल परीक्षण किया। यह देश की पहली स्वदेशी वायु-प्रक्षेपित एंटी-शिप मिसाइल है, जो समुद्र की लहरों के ऊपर उड़ते हुए लक्ष्य भेदने मे सक्षम है। 3.6 मीटर लंबी, 380 किग्रा वजनी और 55 किमी मारक क्षमता वाली यह सब-सोनिक मिसाइल "मैन इन लूप" तकनीक से लैस है।




**192. SPHEREx स्पेस टेलीस्कोप की कार्यावधि क्या है ?**

**A - 2 वर्ष** B - 3 वर्ष

C - 5 वर्ष D - 9 वर्ष

नासा स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट से SPHEREx स्पेस टेलीस्कोप लॉन्च करेगा, जिसका उद्देश्य ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति के रहस्यों को उजागर करना है। यह ऑप्टिकल और नियर-इन्फ्रारेड प्रकाश मे अंतरिक्ष का सर्वेक्षण कर 100 मिलियन तारों और 450 बिलियन आकाशगंगाओं का डेटा जुटाएगा। मिशन दो वर्षों तक चलेगा और 102 विभिन्न रंगों मे ब्रह्माण्ड का 3D मानचित्र तैयार करेगा।



VISIT OUR WEBSITE